* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 65

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


पीएम मोदी ने लोगों से की अपील, कहा भीड़ वाले स्थानों में लोग पहनें मास्क








## झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र : इडी जांच पर विधानसभा से लेकर कोर्ट तक बढ़ी हलचल

# सदन में उठी महाधिवक्ता को बर्खास्त करने की मांग

■ विपक्ष ने लगाया राजीव रंजन पर अपराधियों को मदद पहुंचाने का आरोप ■ इडी जांच में हो रहे नये खुलासे, कॉल इंटरसेप्ट से खुल रहे चौंकाऊ राज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में अवैध खनन और मनी लांड्रिंग को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जांच कर रहा है। इडी जांच में हर दिन नये खुलासे हो रहे हैं। कॉल इंटरसेप्ट से इडी को कई नयी जानकारियां मिली हैं। इन सभी बातों को लेकर विधानसभा शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन के अंदर और बाहर हंगामा जारी रहा। भाजपा विधायकों ने महाधिवक्ता राजीव रंजन को बर्खास्त करने की मांग की। वहीं, इडी ने कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया है, जिसमें कई नयी बातें उभर कर सामने आयी हैं।

## महाधिवक्ता अपराधियों को पहुंचा रहे हैं मदद : विपक्ष

आजाद सिपाही सवाददाता

रांची। भाजपा के विधायकों ने गुरुवार को विधानसभा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही महाधिवक्ता राजीव रंजन को बर्खास्त करने की मांग की। सूचना के माध्यम से विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि महाधिवक्ता अपराधियों को मदद पहुंचा रहे हैं। ऐसे में राज्य सरकार उन्हें तुरंत बर्खास्त करे। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच सीबीआइ से हो। भाजपा विधायकों ने कहा कि इडी की ओर से कोर्ट में दायर शपथ पत्र से यह साफ है कि महाधिवक्ता अपराधियों की गैरकानूनी तरीके से मदद कर रहे हैं। ऐसे में राज्य सरकार को उन्हें तत्काल बर्खास्त करना चाहिए। बता दें कि इडी ने झारखंड हाइकोर्ट में शपथपत्र दायर कर बताया है कि मनी लांड्रिंग से संबंधित केस में उसकी जांच को बाधित करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद और महाधिवक्ता राजीव रंजन द्वारा जासूसी करायी गयी है।

हाइकोर्ट में इसे लेकर इडी की ओर से दाखिल किये गये हलफनामे में इन



दोनों के बीच टेलीफोनिक बातचीत का एक ट्रांसस्क्रिप्ट भी सौंपी गयी है। इसमें दोनों के बीच इडी के अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखने पर बात हुई है। इस शपथ पत्र में यह भी बताया गया है कि 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजे गये पंकज मिश्रा से भी इन दोनों की बातचीत हुई है। सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने महाधिवक्ता से इस बात की जानकारी जुटाने को कहा कि पंकज मिश्रा से इडी ने पूछताछ में क्या-क्या सवाल किये हैं। शपथ पत्र के अनुसार, महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अभिषेक प्रसाद को कहा है कि वे एक एडवोकेट को रख देते हैं, जो पंकज से रोज बात करेगा, मिलेगा। इन्हीं बातों के सार्वजनिक होने के बाद गुरुवार को भाजपा विधायकों ने हंगामा



## पंकज और डीएसपी मिश्रा ने एक दूसरे को किया था 275 बार फोन

रांची। इडी की जांच में खुलासा हुआ है कि सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और डीएसपी पीके मिश्रा एक-दूसरे के काफी करीबी हैं। इडी ने हाइकोर्ट में एफिडेविट दिया है। उसमें कहा है कि पंकज मिश्रा के द्वारा उपयोग किये जाने वाले नंबर की जांच से पता चला है कि डीएसपी पीके मिश्रा और पंकज मिश्रा ने एक दूसरे को लगभग 275 बार फोन कॉल किये हैं। इडी ने कहा है कि जांच के दौरान पंकज मिश्रा के मोबाइल नंबर पर हुई बातचीत को विधिपूर्वक इंटरसेप्ट किया गया था। इसमें तत्कालीन आयुक्त चंद्र मोहन कश्यप पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए और अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए उनकी एक कॉल को इंटरसेप्ट किया गया था। इडी ने यह भी कहा है कि यह स्पष्ट है कि डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने पंकज मिश्रा को उनकी अवैध गतिविधियों में सहायता प्रदान की और बरहरवा केस में जांच को नियंत्रित किया। साथ ही पंकज मिश्रा और विधायक मो आलमगीर आलम के खिलाफ किसी भी प्रकार की जांच होने से रोका। इन दोनों व्यक्तियों के खिलाफ जांच एक दिन में ही पूरी कर ली गयी थी। इसलिए यह स्पष्ट है कि पंकज मिश्रा झारखंड के मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि होने के नाते एक बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वह राजनीतिक रसूख का आनंद लेते हैं और जिला प्रशासन को भी प्रभावित करते हैं।

## अभिषेक ने पंकज को चेताया था-अमिताभ बच्चन नहीं बनें

रांची। इडी ने हाइकोर्ट में शपथ शपथ पत्र दिया है, उससे कई खुलासे हो रहे हैं। इडी ने फोन इंटरसेप्ट के जरिए मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद और विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के बीच बातचीत के बारे में भी खुलासा किया है। इस खुलासे को जानने के लिए थोड़ा पीछे चलते हैं। इडी ने मई में मनरेगा घोटाले की जांच शुरू की, जो धीरे-धीरे अवैध खनन और मनी लांड्रिंग तक पहुंच गयी। निलंबित आइएएस पूजा सिंघल जेल पहुंच चुकी थीं, तभी मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का नाम चर्चा में आया। उन्होंने नाम चर्चा में आने पर इडी को गिरफ्तारी की चुनौती दे दी। इडी के हलफनामा में इसी समय का जिक्र है। उस वक्त अभिषेक प्रसाद ने पंकज को फोन किया था, जिसमें बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि 'अमिताभ बच्चन की तरह होरो नहीं बनें।' उन्होंने यहां तक कहा कि 'लालू प्रसाद भी इडी को नहीं भगा पाये, आप भगायेंगे। शांति से बैठें। मीडिया में बयानबाजी नहीं करें।' साथ में पंकज को डांटते हुए कहा था कि मैं आपको बीमार पड़ने की सलाह दे रहा हूं, लेकिन आप अमिताभ बच्चन की तरह हीरो बन रहे हैं और ठीक होने की घोषणा कर रहे हैं। इडी ने इन सभी बातों को फोन पर पकड़ा और फिर पंकज मिश्रा को मुख्य आरोपी के रूप में 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इडी ने 10 जुलाई की उनकी बातचीत को इंटरसेप्ट किया था, जिसे झारखंड हाइकोर्ट में पेश किया है। फोन पर बातचीत में अभिषेक से पंकज अपने प्रतिद्वंद्वियों शंभू नंदन और प्रकाश चंद्र यादव को गिरफ्तार करवाने की भी बात करते हैं। जिस पर अभिषेक ने उन्हें आश्वासन दिया। साथ ही मीडिया में गैरजिम्मेदाराना बयान नहीं देने और शांत रहने के लिए भी कहा। अभिषेक प्रसाद ने पंकज मिश्रा से कहा कि तुम्हारे व्यवहार और गैरजिम्मेदाराना बयान से सीएम की छवि भी खराब हुई है। तुम्हारा छवि खराब हो रही है। कब समझोगे? आप अपने आपको कब सुधारोगे? आपको ये सब बातें नहीं कहनी चाहिए थीं। लोगों को संयम बनाये रखना चाहिए। कोर्ट में दिये शपथ पत्र के अनुसार अभिषेक ने पंकज को स्वास्थ्य के आधार पर इडी से बचने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा था कि अपने स्वास्थ्य को लेकर सारे पेपर तैयार करवा लें। सिर्फ इलाज के दम पर आप सुरक्षित रहेंगे, नहीं तो ये लोग (इडी) आपके लिए मुसीबत खड़ी कर देंगे।






## विधानसभा में जैन विश्वविद्यालय विधेयक छोड़ अन्य पांच हुए पास

# सीएम के आग्रह पर निजी विश्वविद्यालयों की जांच के लिए बनी कमेटी

**जैन विश्वविद्यालय विधेयक, 2022 को सराकर ने लिया वापस**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य में चल रहे निजी विश्वविद्यालयों की जांच होगी। यह जांच विधानसभा कमेटी करेगी। इसके लिए कमेटी बनाने का आग्रह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो से किया। उधर, सरकार द्वारा सदन में पेश छह विधेयकों में से पांच को पारित कर दिया गया, जबकि जैन विश्वविद्यालय विधेयक 2022 को विरोध के कारण सरकार ने वापस ले लिया।

**चीजों का हमें आकलन करते रहना चाहिए :** सदन में हेमंत सोरेन ने कहा कि कुछ चीजों का आकलन हमें करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच का उद्देश्य राज्य की उच्च शिक्षा को बेहतर बनाना है। राज्य में कई निजी विश्वविद्यालय विधेयक पारित हुए हैं। उनकी क्या स्थिति है। इसे हमें जानने की जरूरत है। उन्होंने सदन में स्पीकर से आग्रह किया कि इस जांच के लिए विधायकों की एक कमेटी बना दें। वह कमेटी संबंधित विश्वविद्यालयों की जांच कर रिपोर्ट देगी। इससे उच्च शिक्षा बेहतर हो सकेगी।

**सरकार ने जैन विश्वविद्यालय विधेयक वापस लिया :** जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2022 को मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सदन में रखा। इसका कई विधायकों ने विरोध किया। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि 2017 में इसी संस्था को एक पॉलिटेक्निक कॉलेज की अनुमति दी गयी थी। अब यही संस्था केवल नाम बदल कर जैन विश्वविद्यालय के नाम से संस्था खोलना चाहती है। विधायक अनंत ओझा ने कहा कि जो संस्था पांच साल तक एक कॉलेज नहीं चला सकी, उसे फिर अनुमति क्यों दी जा रही है। विधायक लंबोदर महतो ने पहले से चल रहे विश्वविद्यालयों की जांच की मांग रखी। सदस्यों का विरोध देखते हुए प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कई सदस्यों ने इस विधेयक में अहम सुझाव दिये हैं। सरकार उन सुझावों का सांगोपांग विचार कर आगे निर्णय लेगी। अभी इस विधेयक को वापस लिया जाता है।

**दो निजी विश्वविद्यालय समेत पांच विधेयक पारित :** विधानसभा सदन से दो निजी विश्वविद्यालय सोना देवी विश्वविद्यालय विधेयक और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय विधेयक समेत पांच विधेयक पारित किये गये। हालांकि विधायक अनंत ओझा, विनोद सिंह, अमित मंडल, मनीष जयसवाल समेत कुछ अन्य विधायकों ने निजी विश्वविद्यालय से संबंधित विधेयकों का विरोध किया, लेकिन इसके बाद भी सरकार इसे विधानसभा से पारित करवाने में सफल रही।











## बुंडू के डीएसपी ने युवक को बुलाया, पीट कर हाथ तोड़ा

स्वरूप भट्टाचार्य

बुंडू। बुंडू डीएसपी अजय कुमार के ऊपर एक स्थानीय युवक उज्ज्वल कुमार ने मारपीट कर हाथ तोड़ देने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना 19 दिसंबर की है। उनके कार्यालय में दोपहर को यह घटना घटी। युवक का इलाज रिम्स में हुआ। उसमें हाथ टूटने की पुष्टि हुई। हाथ में प्लास्टर चढ़ाया गया है। इस संबंध में युवक ने गुरुवार को न्यायालय सहित पुलिस के वरीय अधिकारियों को आवेदन दिया है और उचित कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार उज्ज्वल कुमार बुंडू के महावीर मंदिर गली का निवासी है। उसके पिता का नाम पिता राम प्रसाद महतो है। दरअसल, उज्ज्वल की महावीर मंदिर चौक बुंडू निवासी अर्चना देवी और उनके पति कन्हैयालाल के साथ विवाद है। उसकी जांच करने 4 दिसंबर को बुंडू पुलिस गयी थी। इसके बाद



पुलिस ने उज्ज्वल को फोन पर 19 दिसंबर को डीएसपी से मिलने के लिए कहा। जब युवक उनसे मिलने उनके कार्यालय पहुंचा, तो डीएसपी और एक पुलिसकर्मी ने उज्ज्वल के साथ जम कर मारपीट की। साथ ही कहा कि किसी को शिकायत करोगे, तो जान मार देंगे। इसके बाद थाना में कई कागजात साइन करा कर वापस भेज दिया। उसके शरीर पर मारपीट के निशान हैं और हाथ टूटा है। पहले बूंडू में इलाज कराया, फिर रिम्स में इलाज कराया। उसने न्यायालय और पुलिस के वरीय अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी है और न्याय की मांग की है।








आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |



# बड़ा सवाल : पारिवारिक विरोध के बाद भी बगैर जांच किये बोरियो पुलिस ने रेबिका और दिलदार की शादी क्यों करवायी?

## अगर पुलिस इस बेमेल रिश्ते की जांच कर लेती, तो रेबिका और दिलदार के शादीशुदा होने की सच्चाई सामने आ जाती

## जब अगुआ बन कर शादी करवायी, तो अब हत्या की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए

## रेबिका के परिजनों को इन महिला जनप्रतिधियों से बहुत आशा है



### क्या झारखंड की महिला विधायक और सांसद रेबिका के हत्यारों को फांसी की सजा दिलवाने के लिए आवाज बुलंद करेंगी?

### क्या ये देवियां नारी शक्ति का प्रतीक बनेंगी? क्यों नहीं झारखंड की एक-एक महिला जनप्रतिनिधि रेबिका को न्याय दिलाने के लिए आगे बढ़ रहीं, आखिर अब नहीं तो कब?

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

नारी शक्ति है, संतोषी है, त्याग है, बलिदान है, जन्मदात्री है, फलदायिनी है, सम्मान है, साहस है, अभिमान है, गौरव है, जगत-जननी है और सबसे अहम ममता की मूरत है। भारत जैसे देश में जहां नारी शक्ति की उपासना की जाती है, जहां नारियों की रक्षा के लिए नारी चंडी का रूप धारण कर लेती है, वहीं मरियम निशा के रूप में कुछ नारी ऐसी भी हैं, जो नारी के ही खिलाफ हैवानियत की सारी हदें पार कर जाती हैं। आखिर अपना झारखंड पहले ऐसा तो नहीं था। पता नहीं झारखंड को बदनाम करने के लिए मरियम निशा जैसी महिला कहां से आकर यहां बस गयी। जिसने हत्या की ऐसी घिनौनी साजिश रची, जिसने झारखंड ही नहीं, पूरे देश को दहला दिया है। ऐसी मानसिकता के लोग झारखंड के तो नहीं हो सकते, न ही भारत के।

### मुस्लिम महिला के नाम पर कलंक है मरियम निशा

मरियम निशा मुस्लिम महिला के नाम पर झारखंड के लिए वह कलंक है, जिसने विलुप्त हो रही पहाड़िया जनजाति से आनेवाली रेबिका पहाड़िया को मरवाने के लिए अपने ही भाई को 20 हजार रुपये की सुपारी दे दी। उसके जल्लाद रूपी भाई का नाम है मोइनुल अंसारी। उसके बाद उस जल्लाद ने क्रूरता की ऐसी तसवीर पेश की, जो झारखंड के माथे पर कलंक का टीका लगा गया। पहले तो मरियम निशा का बेटा दिलदार अंसारी और उसके नाते-रिश्तेदारों ने मिल कर रेबिका की गला दबा कर हत्या की। उसके बाद रेबिका के शरीर से उस तरह चमड़ी उधेड़ी, जैसे बकरे की उधेड़ी जाती हो। यह भी संभव है कि हत्या के पहले ही क्रूर यातना देने के लिए उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसकी चमड़ी उधेड़ी गयी हो। फिर इलेक्ट्रिक कटर मशीन और चापर से शव के पचास से भी अधिक टुकड़े किये गये।

### पहले रेबिका की हत्या की, फिर चमड़ी छील कर किये 50 टुकड़े

रेबिका के शव का पोस्टमार्टम करनेवाले फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल दुमका के एक डॉक्टर ने कहा है कि रेबिका के साथ जिस तरह की क्रूरता हुई, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हत्यारों ने रेबिका के शरीर से चमड़ी तक छील डाली। शव के जितने छोटे-छोटे टुकड़े किये गये हैं, उसे देख कर लगता है कि काटने में सात से आठ घंटे लगे होंगे। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया है कि रेबिका की हत्या के बाद दिलदार के मामा मोइनुल अंसारी इत्मीनान से बाजार भी गया। बाजार से वह टहल कर घर आया। हत्या के दूसरे दिन तक मोइनुल अपने घर पर था। जब बाजार में यह खबर फैली कि कुत्ते किसी इंसान का मांस खा रहे हैं, तब मोइनुल अपने घर से फरार हो गया। फरार होते समय पुलिस को अंधकार में रखने के लिए उसने अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गया, ताकि वह ट्रेस न हो सके। इससे पता चलता है कि हत्यारों ने हत्या के पहले कितने ठंडे दिमाग से साजिश रची होगी, तभी तो उनके दिमाग में चमड़ी छीलने, सिर के टुकड़े करने का आइडिया आया होगा। हत्या से पहले ही तय कर लिया होगा कि हत्या के बाद रेबिका के शव को किस तरह ठिकाने लगाना है। उसे कहां-कहां फेंकना है। रेबिका के शव के इतने टुकड़े शायद इसलिए किये गये कि उन्हें अलग-अलग जगहों में फेंक दिया जाये, ताकि कुत्ते आसानी से शव के उन टुकड़ों को खा जायें। यह सब साक्ष्य छिपाने के इरादे से ही किया गया होगा। लेकिन कहते हैं न, अपराध कोई न कोई एक साक्ष्य जरूर छोड़ जाता है। और रेबिका के हत्यारों के साथ भी यही हुआ। जब लोगों ने देखा कि कुत्ते इंसानी मांस खा रहे हैं, तो हड़कंप मच गया। पुलिस तक सूचना गयी। पुलिस सक्रिय हुई। वह खोजबीन में जुट गयी। लाश खोजने के क्रम में पुलिस ने देखा कि कुत्ते पैर का हिस्सा खा रहे हैं। पुलिस ने उसे जब्त किया। पैर का अंगूठा मिलने के बाद रेबिका की नेल पालिश से शव की पहचान की गयी।

### शव के टुकड़े देख डॉक्टरों की आत्मा भी कांप उठी

जब रेबिका का शव पोस्टमॉर्टम के लिए गया, तब डॉक्टरों के होश उड़ गये। उनकी आत्मा कांप गयी। पोस्टमॉर्टम के लिए डॉक्टरों को रेबिका के 28 टुकड़े उपलब्ध कराये गये। इनमें कटा सिर का टुकड़ा, फेफड़ा, सात अंगुलियां, बायें हिस्से की पसली, दोनों किडनियां जो आधी कटी हुई पायी गयीं, बच्चेदानी, पेट का कटा हिस्सा आदि थे। डॉक्टरों का कहना था कि उन्होंने जीवन में पहली बार ऐसा पोस्टमॉर्टम किया है। दरअसल, रेबिका और दिलदार अंसारी ने घर से भाग कर प्रेम विवाह किया था। जब घरवाले शादी का विरोध करने लगे, तो दिलदार अंसारी रेबिका पहाड़िया को लेकर बोरियो थाने चला गया। बोरियो पुलिस ने आनन-फानन में वाहवाही लूटने के लिए थाने में शादी करवा दी। उसने जरा भी नहीं सोचा कि आखिर घरवाले शादी का विरोध क्यों कर रहे हैं। अगर बोरियो पुलिस रेबिका पहाड़िया के घरवालों से बातचीत कर लेती, तो यह सच सामने आ जाता कि दिलदार अंसारी ने अपनी पहली पत्नी को अभी तक तलाक नहीं दिया है और वह उसी के साथ घर में रह रही है। वह शादी का विरोध कर रही थी। पुलिस की इसी लापरवाही ने रेबिका को असमय काल के गाल में धकेल दिया। निश्चित रूप से जांच का एक कोण यह भी होना चाहिए कि आखिर बोरियो पुलिस ने इतनी जल्दबाजी में दोनों की शादी क्यों करवा दी। थाने में दोनों के घरवालों को क्यों नहीं बुलाया। दोनों की काउंसिलिंग क्यों नहीं की। रेबिका की पहली शादी पांच साल पहले ही हो चुकी थी और उसकी रिया नाम की एक पांच साल की बच्ची भी है। ऐसे में पुलिस को क्यों नहीं लगा कि कुछ गलत हो रहा है।

### सवाल: पुलिस ने शादी क्यों करवायी

आखिर जब रेबिका के परिवार वाले नहीं चाहते थे कि दिलदार अंसारी से उसकी शादी हो, तो पुलिस ने शादी क्यों करवायी? पुलिस का यह तर्क हो सकता है कि रेबिका और दिलदार अंसारी बालिग थे, इसलिए उसने ऐसा करवाया। पुलिस यह भी तर्क दे सकती है कि रेबिका दिलदार अंसारी को प्यार करती थी। रेबिका बालिग भी थी, सो पुलिस वाले दो प्यार करनेवालों के बीच में कैसे रोड़ा बन सकते थे, सो शादी करवा दी। अंतरजातीय और प्रेम विवाह करवाने की वाहवाही भी लूट ली, भले लड़का-लड़की दूसरे धर्म से क्यों नहीं हों। भले ही लड़की के माता-पिता विरोध ही क्यों न कर रहे हों। लड़का पहले से शादी-शुदा क्यों न हो। लड़की के घरवाले क्या चाहते थे, क्या पुलिस को यह जानने की कोशिश नहीं करनी चाहिए थी? दिलदार अंसारी के परिवार वालों की क्या राय थी, क्या यह भी जानने की कोशिश नहीं करनी चाहिए थी? पुलिस के मन में शादी करवाने से पहले यह सवाल क्यों नहीं उत्पन्न हुआ कि गैर जातीय विवाह का क्या परिणाम हो सकता है। दिलदार अंसारी शादी शुदा होते हुए पहाड़िया जनजाति की लड़की रेबिका से क्यों शादी कर रहा है? पहाड़िया झारखंड की उन विशेष जनजाति में शामिल है, जिनका सरकार विशेष ध्यान रखती है। इनकी भाषा, बोली और रहन-सहन सभी अलग होते हैं। ये बाहरी लोगों से ज्यादा खुलते भी नहीं हैं। प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि इन पर ध्यान देती रहे। क्योंकि ये एक ऐसी जनजाति है, जो कहीं-कहीं ही वास करती है। जो विलुप्त होती जा रही है।

### संथाल में चल रहा आदिवासी लड़कियों के खिलाफ षडयंत्र

संथाल परगना में पहाड़िया या आदिवासी लड़की को प्रेम जाल में फांस कर मुसलिम युवक द्वारा शादी करने का यह पहला मामला भी नहीं था। क्या पुलिस को यह नहीं पता कि वहां ऐसा क्यों किया जा रहा है। क्या धर्मांतरण और लव-जिहाद के एंगल को पुलिस को नहीं देखना चाहिए था। क्या पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना नहीं है कि पहाड़िया जनजातियों की जमीनों को हड़पने के लिए वहां क्या कुछ हो रहा है। वे कौन लोग हैं, जो इन्हें टारगेट कर रहे हैं। फिर भी बिना जांच पड़ताल के रेबिका और दिलदार की कैसे शादी करवा दी गयी? यह बहुत बड़ा सवाल है। रेबिका और दिलदार अंसारी अंतरजातीय विवाह कर रहे थे, घर की मर्जी के बिना शादी कर रहे थे, यह हकीकत थी। कोई फिल्म की कहानी नहीं थी। बच्चे-बच्चियों के मामले में जन्म देनेवाले माता-पिता कोई मायने रखते हैं या नहीं रखते। अब जब बोरियो पुलिस ने शादी करवा दी, तो उस शादी के हश्र की भी जिम्मेदारी पुलिस को लेनी ही होगी। जैसे अरेंज मैरिज में माता-पिता जिम्मेदारी लेते हैं न। कुछ भी होता है तो माता-पिता को बच्चे दोष देते हैं। चूंकि पुलिस ने रेबिका और दिलदार अंसारी की बेमेल शादी करवायी है, तो अब रेबिका की मौत की जिम्मेदारी कौन लेगा। यह सवाल पूछना जरूरी है। नहीं तो कई ऐसी रेबिका और होंगी, जिन्हें कटने के लिए तैयार रहना होगा और जिनकी शादी पुलिस थाने में हुई होगी।

### कई घटनाएं लव जिहाद की ओर इशारा करती हैं

झारखंड के संथाल में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जो लव जिहाद की ओर इशारा करती हैं। आदिवासी महिलाओं से विवाह कर उनकी जमीनों पर कब्जा किया गया है। उनकी संपत्ति को हड़पा गया है। उनका जबरन धर्म परिवर्तन करवाया गया है। धर्म परिवर्तन नहीं करने पर उनकी हत्या तक कर दी गयी है। क्या रेबिका पहाड़िया को धर्म परिवर्तन करने लिए दबाव नहीं बनाया गया? यह सवाल भी पूछना जरूरी है। संथाल परगना के नेताओं ने अक्सर यह सवाल उठाया है कि यहां आदिवासी महिलाओं को इस्तेमाल कर सत्ता में जगह बना रहे हैं घुसपैठिये। आज संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिये इस कदर हावी हो गये हैं कि इनका वहशीपन अब बाहर आने लगा है। वे खुलेआम हिंसा कर रहे हैं। आधार कार्ड, वोटर कार्ड ओर ड्राइविंग लाइसेंस बनवा कर यहां के निवासी हो गये हैं। क्या वे बांग्लादेशी झारखंडियों का हक और अधिकार नहीं लूट रहे हैं। क्या अब समय नहीं आ गया है कि सरकार को यहां एनआरसी लागू कर देनी चाहिए। क्या संथाल परगना की जनता को आवाज नहीं उठानी चाहिए। सवाल बोरियो के विधायक लोबिन हेंब्रम से भी है। आखिर उन्होंने ऐसे अत्याचार पर भी चुप्पी क्यों साध रखी है। सिर्फ यह कहने से काम नहीं चलेगा कि आखिर मुसलिम आदिवासी और पहाड़िया को ही क्यों टारगेट कर रहे हैं। क्या उनके कौम में लड़कियां नहीं हैं।

### जांच हो बांग्लादेशी घुसपैठियों की

जिस तरह से संथाल परगना की डेमोग्राफी बदली है, ऐसे में क्या यह जांच नहीं होनी चाहिए कि कितने बांग्लादेशी घुसपैठियों ने यहां अपना ठिकाना बना लिया है। पूर्व की सरकार ने तो एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजी है कि झारखंड में करीब 15 लाख बांग्लादेशी घुसपैठिये हैं। साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा और जामताड़ा इलाके में सबसे अधिक बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रमाण भी मिल रहे हैं। इसमें राजमहल और बरहरवा का इलाका तो विशेष रूप से शामिल है। हाल के दिनों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण साहिबगंज का इलाका बेहद संवेदनशील बन गया है। सूत्रों की मानें तो इस इलाके की करीब 10 हजार एकड़ जमीन पिछले सात सालों में खरीदी-बेची गयी है। हैरत की बात यह है कि इनमें से 95 प्रतिशत सौदे स्थानीय महिलाओं के नाम पर हुए हैं, जिनके पति या पिता के रूप में किसी मुस्लिम का नाम है। यह महज इत्तेफाक तो नहीं ही हो सकता है। क्या इसकी जांच नहीं होनी चाहिए?

### संथाल परगना में बढ़ता अपराध

पुलिस के रिकॉर्ड बताते हैं कि संथाल परगना आज संगठित अपराध के मामले में झारखंड का सबसे अशांत इलाका बन गया है। वर्ष 2021 में संथाल परगना प्रमंडल में 723 लोगों की हत्या हुई और बलात्कार के 404 मामले दर्ज किये गये। जब यह इलाका इतना संवेदनशील है तो पुलिस को थाने में शादी करवाने से पहले सतर्क नहीं होना चाहिए? यह सवाल तो अब पूछा जायेगा, क्योंकि झारखंड एक और रेबिका की जघन्य हत्या का कलंक अपने माथे पर नहीं ले सकता। क्योंकि झारखंड की संस्कृति ऐसी है ही नहीं। यहां इस तरह की निर्मम हत्याएं नहीं हुआ करती हैं। ऐसे मार कर शरीर के चमड़े को नहीं छिला जाता है। शरीर के 50 टुकड़े नहीं किये जाते हैं। यह बांग्लादेश और पाकिस्तान के आतंकी मानसिकता वाले लोग ही कर सकते हैं।

### अब नहीं तो कब

अब देखना यही है कि क्या रेबिका हत्याकांड महज एक खबर बन कर रह जायेगी। रोज-रोज नये खुलासे की कड़ी बन कर रह जायेगी। क्या इस हत्याकांड से प्रशासन या झारखंड के लोग कोई सबक लेते हैं या नहीं। क्या झारखंड की महिला विधायक रेबिका पहाड़िया के लिए आवाज उठायेंगी या नहीं, या महज मीडिया बाइट्स में अपनी संवेदना व्यक्त करेंगी। अंबा प्रसाद, दीपिका पांडेय सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, जोबा मांझी, सबिता महतो, अपर्णा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, डॉ नीरा यादव, ममता देवी, सांसद गीता कोड़ा या केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी। क्या रेबिका को न्याय दिलाने के लिए ये देवियां नारी शक्ति का प्रतीक बनेंगी? क्या रेबिका के हत्यारों को फांसी की सजा दिलवाने के लिए ये जनप्रतिनिधि अपनी आवाज बुलंद करेंगी? यह बड़ा सवाल है? क्यों नहीं झारखंड की एक-एक महिला जनप्रतिनिधि रेबिका पहाड़िया को न्याय दिलाने के लिए आगे बढ़ रहीं? क्यों नहीं दुमका की बेटी अंकिता कुमारी को, जिसे शाहरुख हुसैन ने पेट्रोल छिड़क जिंदा जला कर मार डाला, उसे न्याय दिलाने के लिए आगे बढ़ रहीं? आखिर अब तक इन महिला विधायक और सांसदों ने रेबिका के परिजनों के पास जाकर उनका आंसू क्यों नहीं पोछा? व्यस्तता का बहाने से बात नहीं बनेगी। अब समय आ गया है, जब देश की आधी आबादी अपने हक, सम्मान और अधिकार के लिए खुद आवाज बुलंद करे। आखिर अब नहीं तो कब?

---

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर नितिन गडकरी ने सदन में बताया

# तीन वर्षों में झारखंड में स्वीकृत हुई 14 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं

### जनवरी 2025 तक पूरा हो जायेगा रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्ष 2020 से अब तक यानी 3 वर्षों में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा झारखंड में 14 हजार करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है। पूरे झारखंड में इन योजनाओं पर बहुत तेजी से काम भी हो रहा है, जिनमें 5 योजनाएं अब तक पूर्ण हो चुकी हैं, 4 योजनाओं पर 50% से अधिक काम हो चुका है। अन्य योजनाओं पर काम चल रहा है। उक्त जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में दी। लोकसभा में सांसद संजय सेठ ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित सवाल किया था और रांची सहित पूरे झारखंड में मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी मांगी थी।

सांसद ने यह भी जानना चाहा था कि योजनाओं की लागत क्या है और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है? इसी की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है। राजमार्गों के खंडों का विकास, यातायात मांग, यातायात



सुरक्षा, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाते हैं। इसमें राज्य सरकार का परामर्श भी लिया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विगत 3 वर्षों में झारखंड में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें 27 सड़क निर्माण, 9 रेलवे ओवरब्रिज निर्माण और 4 पुलों का निर्माण शामिल है। 14 हजार करोड़ से अधिक की लागत वाली योजनाओं में 5 योजनाएं पूर्ण हो चुकी है और 4 योजनाओं पर 50% से अधिक काम भी हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इनमें सबसे बड़ी योजना साहिबगंज में है, जिस पर 40% का काम पूर्ण हो चुका है। यह योजना 1977 करोड़ की लागत से स्टैंड एलोन पुल परियोजना के नाम से चल रही है। रांची के रातू रोड में बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने संसद को बताया कि 3.5 किलोमीटर की इस परियोजना को जनवरी 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य लिया गया है। वर्तमान समय में यह कार्य प्रगति पर है। वहीं केंद्रीय मंत्री ने सदन में जानकारी दी कि जितनी योजनाओं की स्वीकृति झारखंड में प्रदान की गई है, उसमें कई योजनाओं की निविदाएं प्रक्रियाधीन है। जबकि कई योजनाएं तकनीकी मूल्यांकन के अधीन है। यह दोनों काम होने के साथ ही बहुत तेज गति से इनका काम शुरू हो जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.2 °c | 8.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.08 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.26 बजे | |



# शीतकालीन सत्र का चौथा दिन भी रहा हंगामेदार

## झारखंड विधानसभा के गेट पर कांके विधायक समरीलाल ने कंबल ओढ़ कर किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन की शुरूआत भी विपक्ष की ओर से प्रदर्शन कर शुरू किया गया। सदन शुरू होने से पहले विधानसभा के गेट पर कांके विधायक समरीलाल कंबल ओढ़ कर लेट गए। उन्होंने कहा कि रिम्स में मरीजों का हाल बेहाल है। इस ठंड में भी आम दिनों की तरह उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं विपक्षी पार्टी भाजपा ने सदन के बाहर राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि इस सरकार में झारखंड की बहू बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है।

### जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए समितियां कर रहीं काम

सदन के भीतर विधायक भानु प्रताप शाही ने नदियों के अस्तित्व पर खतरे का मामला उठाया। जहां उन्होंने अतिक्रमण में आए जलस्रोतों की जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग की। इसके जवाब में मिथिलेश ठाकुर ने कहा उपायुक्त इसके लिए सक्षम हैं। भानु प्रताप शाही ने सदन में गढ़वा जिला के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की नदियों के समाप्त होते अस्तित्व का मामला उठाया था। इसका जवाब देते हुए पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पूरे राज्य में जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में कमिटी काम कर रही है। इसलिए अलग से कमेटी बनाने का कोई औचित्य नहीं हैं।

### सरयू राय ने तेंदुआ द्वारा बच्चों को मारकर खा जाने का मामला उठाया

विधायक सरयू राय ने विधानसभा में विशेष उल्लेख के रूप में पलामू टाइगर रिजर्व के समीपवर्ती इलाकों में तेंदुआ द्वारा बच्चों को मारकर खा जाने का मामला उठाया और सरकार से आग्रह किया कि इसका संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करे। शून्यकाल समाप्त होने के तुरंत बाद विधानसभा की कार्यवाही के बीच में श्री राय ने इस मामले को उठाया और कहा कि एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार अगर बाघ, तेंदुआ या अन्य कोई वन्यजीव किसी मनुष्य को मार देता है और खा लेता है तो सबसे पहले उसे आदमखोर घोषित किया जाना चाहिए। परन्तु आश्चर्य है कि झारखंड सरकार के वन विभाग ने अब तक इस तेंदुआ को आदमखोर घोषित नहीं किया है और इसे पहचान कर गिरफ्त में लेने के लिए की जा रही कार्रवाई को सार्वजनिक नहीं किया है। वन विभाग के अधिकारियों को सबसे पहले तेंदुआ के पदचिन्हों के आधार पर तथा मृत बच्चों को मारकर खा जाने के बाद नजदीक के किसी जल स्त्रोत के पास उसके पदचिन्हों को देखकर उस तेंदुआ का पहचान करना चाहिए कि तेंदुआ नर है या मादा है। साथ ही इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि पलामू टाइगर रिजर्व में तेंदुआ के आहार में क्या कमी हो गई है कि वह बाहर निकलकर हिंसा कर रहा है और बच्चों को मार कर खा रहा है।




सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने अपनी ही सरकार पर आरोप लगाया। तारांकित प्रश्न के माध्यम से पूछे गए सवाल पर मिले सरकार के जवाब से वह नाराज थीं। उन्होंने स्पीकर से कहा कि सदन में आश्वासन मिलने के बाद भी काम नहीं होता है। दरअसल अंबा ने यह पूछा था कि क्या सरकार बड़कागांव और केरेडारी में हो रही बिजली समस्या से निजात के लिए फीडर निर्माण का विचार रखती है। इसके जवाब में मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि शीघ्र ही फीडर निर्माण होगा। जिसपर अंबा ने कहा कि कबतक होगा यह समय सीमा तय हो। जिसके बाद मंत्री ने कहा कि फीडर निर्माण के लिए उपयुक्त को जमीन आवंटन के लिए निर्देश दिया।

### जवाब से असंतुष्ट हुए विधायक अमर बाउरी

कार्यवाही के दौरान भाजपा विधायक अमर बाउरी ने चास के एक बांध के जीर्णोद्धार से संबंधित सवाल पूछा था। जिसका जवाब मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिया। विधायक अमर बाउरी मंत्री के जवाब से असंतुष्ट हुए, इसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गयी। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आप गलतफहमी में ना रहें कि सिर्फ आपको ही जानकारी है।

### चास के लोतन बांध जीर्णोद्धार का मामला

दरअसल अमर बाउरी ने सदन में सवाल पूछा कि क्या सरकार चास प्रखंड के केलिया डाबर में 10 एकड़ से अधिक में फैले लोतन बांध का जीर्णोद्धार कराना चाहती है. इसी का जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा था कि सवाल पूछने से पहले आप जान लें कि वह बांध नहीं है. वह नहर है. और जल संसाधन विभाग में नहर नहीं आता है. इसी के बाद दोनों में नोकझोंक हुई।

### संविदा कर्मियों को ही मानदेय और महंगाई भत्ता में वृद्धि का लाभ

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को राज्य सरकार ने संविदा कर्मियों के संबंध में एक अहम सूचना दी है। वित्त विभाग, झारखंड की ओर से बताया गया है कि पांच जुलाई, 2002 को जारी परिपत्र संख्या 4569 के आधार पर जिनकी नियुक्ति अलग अलग सरकारी विभागों में संविदा पर हुई है, उन्हें ही महंगाई भत्ता और मानदेय में वृद्धि का लाभ मिलता है। ऐसे और किसी भी कर्मी को ऐसा लाभ नहीं मिलेगा जिनकी नियुक्ति इस परिपत्र की बजाय दूसरे आधार पर हुई है। विधायक राज सिन्हा ने सदन में अल्प सूचित प्रश्न के जरिये पूछा था कि न्यूनतम मासिक वेतन 26,300 रुपये का लाभ बाल संरक्षण, मनरेगा, पारा शिक्षकों सहित अन्य संविदा कर्मियों को मिल रहा है या नहीं। सरकार संविदा कर्मियों को लंबित महंगाई भत्ता एवं न्यूनतम वेतन का लाभ देने का विचार रखती है या नहीं। इस पर वित्त विभाग ने बताया है कि राज्य सरकार के सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय, कोषागार, उप कोषागार एवं राज्य के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों में नियत संविदा राशि या एकमुश्त राशि पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटरों को देय एकमुश्त या संविदा राशि में अभिवृद्धि कर 26,300 रुपये प्रतिमाह किये जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसा राज्य सरकार के कर्मियों को अनुमान्य सातवें वेतन के पुनरीक्षण के आलोक में वित्त विभाग के संकल्प संख्या 1965, 02.06.2017 के आधार पर फैसला लिया गया है।

### जनवरी के प्रथम सप्ताह में आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलेगी राशि

विधायक दीपक बिरुआ ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में पोषाहार राशि नहीं मिलने से 2330 आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े 50 हजार से अधिक बच्चे, गर्भवती व धात्री माताओं को पोषाहार बंद होने का मामला उठाया। इसके जवाब में मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि जनवरी के प्रथम सप्ताह में राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।


भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
PHONE: 0671-2367768-783, FAX: 0671-2367663, E-mail: crrictc@nic.in

Advertisement No. 36/SRF/YP-I/AFO/2022-23

Walk-in-Interviews are to be held on **29.12.2022 for selection of one (01) Senior Research Fellow (SRF) and one (01) Agricultural Field Operator (AFO) and on 30.12.2022 for selection of one (01) Young Professional-I (YP-I)** under the **"Identification and characterization of fungal effectors and host factors in rice-false smut pathosystem" (EAP-382)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI **website- https://icar-nrri.in.**

PRINCIPAL INVESTIGATOR


### सदन में गूंजा सहारा इंडिया के पैसा हड़पने का मामला

## एक विशेष कमेटी बनायी जाये, सुब्रत को बुलाया जाये : डॉ लंबोदर महतो

**रांची।** सदन के अंदर सहारा इंडिया द्वारा झारखंड के लोगों का पैसा हड़पने का मामला उठा। गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने सदन में ध्यानाकर्षण के जरिए सहारा इंडिया द्वारा झारखंड के लोगों का पैसा हड़पने का मामला उठाया। इस पर राज्य सरकार की ओर से जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सहारा इंडिया का मामला राज्य सरकार के अधीन नहीं आता है। गोमिया विधायक ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है। गरीब, मजदूर और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार का सहारा इंडिया पैसा हड़प हुआ है। इसकी गंभीरता को देखते हुए विधानसभा के द्वारा एक विशेष कमेटी बनाई जाए। उन्होंने मांग किया कि सहारा इंडिया के प्रमुख सुब्रत राय को उस कमेटी के सामने पेश कराया जाये। वहीं भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सूचना के माध्यम से मांग किया कि थानों को आदेश दिया जाय कि सहारा इंडिया से जुड़े मामले में एफआइआर दर्ज हों। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार का हवाला देते हुए कहा कि वहां ऐसा किया जा रहा।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** अधूरा कार्य पूरा होगा। उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

**वृष** रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा। विवादों का समाधान मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन** षड़यंत्र विफल। प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क** रोजी-रोजगार में सफलता। सुख-सुविधा की प्राप्ति। वातावरण सुखमय होगा।

**सिंह** नयी आशाओं का उदय होगा। धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद।

**कन्या** परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

**तुला** आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक।

**वृश्चिक** रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन। आर्थिक लाभ। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।

**धनु** किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा। आर्थिक लाभ।

**मकर** कार्य में सफलता। विरोधियों पर विजय। सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**कुंभ** परिस्थितियों में सुधार। व्यवसाय में लाभ। सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**मीन** स्वावलंबन बढ़ेगा। नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

### हेरहंज अस्पताल में प्रसव कराने के लिए एएनएम ने मांगा पैसा

# घूस में ली कान की बाली, तब कराया प्रसव

**विनय कुमार**

**हेरहंज (लातेहार)।** हेरहंज अस्पताल में प्रसव कराने के नाम पर पैसे की मांग की गयी। प्रसव कराने आयी महिला की मां से पैसे की मांग की गयी। पैसे नहीं देने पर पांच घंटे बाद पैसे की एवज में कान की बाली खुलवा कर ली, तब कराया प्रसव। पूरा मामला बीते सोमवार सुबह लगभग पांच बजे का है, जब हेरहंज प्रखंड के घुरे ग्राम की एक महिला अपनी बेटी को लेकर हेरहंज अस्पताल पहुंची। उसे प्रसव पीड़ा हो रही थी। वहां ड्यूटी में तैनात एएनएम गुंजन भारती और अरुना टोप्पो द्वारा उक्त महिला से अठारह हजार रुपये की मांग की गयी। पीड़ित महिला प्रसव पीड़ा से कराह रही थी। महिला की मां और पिता एएनएम से प्रार्थना कर रहे थे कि उसका इलाज करें, पर एएनएम द्वारा मानवता की सारे हदें पार करते हुए कहा गया कि जब तक पैसा नहीं देंगे, तब तक इलाज नहीं करेंगे। स्थिति को देखते हुए पीड़ित महिला के पिता पैसे की व्यवस्था करने वहां से चले गये। वहां उपस्थित पीड़िता की मां से पैसा के एवज में कान की बाली खुलवा ली गयी, तब जाकर इलाज कर प्रसव कराया गया। पांच घंटे तक तड़पने के बाद उक्त महिला का मृत बच्चा हुआ।



सारा मामला सोमवार का है। प्रसव के बाद उसके पिता ने भी दो हजार रुपये की व्यवस्था कर एएनएम गुंजन भारती को दिया। प्रसव के बाद मृत बच्चा होने पर वह काफी दु:खी है। पीड़ित महिला के मां बाप ने घटना की सारी जानकारी अपने परिजनों को दी। किसी तरह मामला बुधवार को मीडिया को मिला, तब मामला को बढ़ता देख एएनएम पीड़ित महिला के मां बाप को गुरुवार की सुबह अस्पताल में बुला कर कान की बाली देना चाही, तो मां बाप ने कान की बाली लेने से इनकार कर दिया। एएनएम ने कान की बाली को परिसर में फेंक दिया गया। यह पहला मामला नहीं है।

रविवार को भी सलैया पंचायत के हुरटाड़ निवासी रामेश्वर गंझू की पतोहू का प्रसव कराया गया था, जिसमें चार हजार रुपये की मांग गुंजन भारती द्वारा की गयी थी। परिजनों द्वारा 2500 रुपया देने के बाद ही उसकी छुट्टी की गयी थी। बाद में मामला को बढ़ता देख उसे बुला कर कुछ पैसों की वापसी की गयी थी।

मामले की जानकारी मिलने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम एवं बीडीओ प्रदीप कुमार दास मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी दोनों भुक्तभोगी से लिये। प्रभारी ने बताया कि सारा लिखित बयान ले लिये हैं। सारा रिपोर्ट सीएस को भेजी जायेगी। वहां से जैसा दिशा-निर्देश मिलेगा, इन दोनों के ऊपर कार्रवाई निश्चित ही की जायेगी।


JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

Tender for Empanelment of Suppliers through C1 India Pvt. Ltd. For conducting through e-tender followed by Reverse e-Auction Platform for supply of Fortified Rice Kernel (FRKs) with Three (3) Micronutrients in 20 kg Bags to JSF & CSCL For 2 (Two) years 22-23 & 23-24.

SCHEDULE OF TENDER

| | |
|---|---|
| DOCUMENT PUBLISHING DATE (On Tender Portal https://jhtenders.eproc.in) | 23.12.2022 |
| DOCUMENT SALE START DATE | 23.12.2022 |
| PRE BID MEETING DATE ( Through Google meet) | 30.12.2022 03:00 P.M. Google meet link: (https://meet.google.com/nek-vvwh-zud) |
| EMD SUBMISSION LAST DATE | 14/01/2022 3:00 P.M. |
| BID SUBMISSION START DATE | 23.12.2022 |
| BID SUBMISSION END DATE | 14/01/2022 3:00 P.M. |
| TECHNICAL BID OPENING DATE | 14/01/2022 6:00 P.M. |
| FINANCIAL BID OPENING DATE | TO BE CONVEYED SEPARATELY |
| TENDER FEES | Rs. 10,000/- + 18% GST = 11,800 Rs, 11,800 (Eleven Thousand Eight Hundred only) (Non Refundable) |
| Name and Number of Contact person | Abhishek Tiwari 9795046772 / 9219516455 |

Note : Above Schedule is subjective and to be verified by the Tenderer himself on web site. Tender Schedule Flashed on Web-Site (System Generated Schedule) is final and binding to all Tenderers.

TENDER OPENING PLACE
Head Office/Regd. Office: Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited
JSF&CSCL Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi-834002
Website : www.jharkhand.gov.in & https://jhtenders.eproc.in
Name & Concerned person for Correspondence : Abhishek Tiwari,
Mob. : 9795046772, E-mail : jhsupport@c1india.com

Managing Director,
Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited

NIT No. : 4988 / Date : 22.12.2022



JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

SHORT TENDER NOTICE

Invitation to tender and instructions to tenderers for appointment of Mandi Labour Contractor at various zones (as per district manager) of Jharkhand state food and civil Supplies Corporation Ltd For 2 (two) years 22-23 & 23-24.

| S. No | Particulars | Important Instructions |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | For Appointment of Mandi Labour Contractor in various zones (as per District Manager of JSFC) |
| 2. | Date of Publication of Tender | 23/12/2022 |
| 3. | Bid Downloading/Submission Start Date | 23/12/2022 |
| 4. | Last Date of Downloading of Tender Form | 06/01/2023 05:00 P.M |
| 5. | Pre Bid Meeting (Through Google Meet) | 28/12/2022 03:00 P.M Google meet link: (https://meet.google.com/tsh-zabk-eog) |
| 6. | Last date of receipt of tender fee and EMD | 06/01/2023 05:00 P.M |
| 7. | Date of opening of Technical Bid | 07/01/2023 |
| 8. | Date of opening of Financial Bid | Financial Bid to be opened for those bidders who are found successful in Technical bid. |
| 9. | Tender Fee in term of NEFT/RTGS | Rs. 590 (Five Hundred Ninety) NEFT/RTGS/other electronic means by the tenderers in the JSFCSCL Account State Bank of India A/c no. 32148046972, IFSC No. SBIN0010401 |
| 10. | EMD in term of NEFT/RTGS | As per Tender document |
| 11. | Name and address of Office inviting Tender | Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi-834002. |
| 12. | Name and Number of Contact person. | Abhishek Tiwari 9795046772 / 9219516455 |

Note: Further details can see on website: www.jharkhand.gov.in & https://jhtenders.eproc.in

*Managing Director*
*Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited*

Letter No. : 4990 / Date : 22.12.2022


### पूर्व विधायक ने सीएम हेमंत सोरेन को सौंपा ज्ञापन

# राज्य में अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद का हो गठन: राधाकृष्ण किशोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद् के गठन की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें 2017 में विधानसभा में अपने द्वारा उठाये गये मामले का जिक्र किया है। किशोर ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 46 का हवाला देते हुए मैने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि परामर्शदातृ परिषद के गठन से अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य कमजोर वर्गों के समाजिक आर्थिक उत्थान को बढ़ावा मिलेगा। किशोर ने ज्ञापन में कहा है कि झारखंड में अनुसूचित जाति की जनसंख्या कुल आबादी का 12.8 प्रतिशत है। विगत कई दशकों से अनुसूचित जाति के समाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं के बावजूद इनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुई है। अनुसूचित जाति की कई उपजातियां ऐसी है, जिनकी समाजिक स्थिति राज्य की आदिम जनजाति की तरह है। वे भूमिहीन हैं। गरीबी रेखा से नीचे हैं। दाकियानूसी समाजिक व्यवस्था के शिकार हैं। किशोर ने ज्ञापन में यह भी जिक्र किया है कि झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद के गठन के लिए मैंने 2017 में विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था। तब सरकार ने आश्वासन दिया था कि परामर्शदातृ परिषद का पुर्नगठन प्रक्रियाधीन है। दुर्भाग्यवश आज तक परामर्शदातृ परिषद का गठन नहीं किया गया है। इसलिए आग्रह है कि राज्य में अनुसूचित जाति के शैक्षणिक-आर्थिक विकास तथा समाजिक व राजनैतिक न्याय के लिए योजना बनाने, अब तक के विकास कार्यों की समीक्षा एवं नीतिगत मामलों पर सुझाव के लिए झारखंड परामर्शदातृ परिषद का गठन किया जाये।



### इडी कोर्ट ने दिया आदेश

# अविलंब सीसीटीवी फुटेज इडी को दे जेल प्रशासन

### कहा- जानबूझ कर देर की गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय रांची के कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार के जेल सुपरिटेंडेंट हामिद अख्तर को आदेश दिया है कि जिन बंदियों से संबंधित सीसीटीवी फुटेज इडी ने मांगी है, अविलंब उपलब्ध कराया जाये। इसके साथ ही अदालत ने इडी के जांच अधिकारी को यह निर्देश दिया है कि जेल प्रशासन से मिले सीसीटीवी वीडियो का इस्तेमाल सिर्फ केस के अनुसंधान के लिए ही किया जाये, इसका पूरा ध्यान रखें।

**सिर्फ 30 दिनों का ही बैकअप उपलब्ध - जेल सुपरिटेंडेंट :** सुनवाई के दौरान इडी के स्पेशल कोर्ट में जेल सुपरिटेंडेंट ने यह जानकारी दी कि सिर्फ 30 दिनों का ही बैकअप उपलब्ध है। जिस पर कोर्ट ने कहा- ऐसा प्रतीत होता है कि आप जानबूझ कर फुटेज देने में देर कर रहे हैं, ताकि फुटेज खत्म होता जाये।

बता दें कि इससे पहले 8 दिसंबर को ही कोर्ट ने बिरसा मुंडा जेल प्रशासन को आदेश दिया था कि खनन घोटाला और मनरेगा घोटाला समेत इडी केस से जुड़े आरोपियों का सीसीटीवी फुटेज इडी को सौंपे जायें, लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद भी जेल प्रशासन वीडियो उपलब्ध कराने में देर कर रहा था, जिसके बाद इडी ने दोबारा कोर्ट से आग्रह किया कि अदालत जेल प्रशासन को सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराने के लिए निर्देशित करे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
04

# अवैध खनन पर प्रशासन सख्त : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। 22 दिसम्बर को सभागार में हुई इस बैठक में माइनिंग टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की गई। मौके पर बड़कागांव एवं केरेडारी वन क्षेत्र में कोयले के अवैध खनन / भण्डारण कर वन भूमि व सड़क मार्ग से परिवहन पर की कारवाई की समीक्षा हुई। उपायुक्त ने रामगढ़ जिलान्तर्गत अवस्थित बसंतपुर वाशरी से निकाले गये अवैध कोयले का चुरचू प्रखण्ड के आँगो, बेडम, जुलमी आदि वनक्षेत्रों में भण्डारण कर छोटे वाहनों यथा पिकअप, 407 आदि के माध्यम से टाटीझरीया एवं दारू थाना के रास्ते परिवहन पर टीम बनाकर कारवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन माफियाओं पर प्रशासन सख्ती से निबटेगा। उन्होंने कहा कि हर अवैध गतिविधि पर प्रखंड प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्यों को अंजाम दे। जिले के विभिन्न नदियों से अवैध बालू उत्खनन कर ट्रैक्टरों एवं हाईवा के माध्यम से बड़कागाँव तथा कटकमदाग थाना क्षेत्र से हो रहे परिवहन पर अंकुश लगाने के सख़्त निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बड़कागाँव प्रखण्ड अन्तर्गत



कुमरडीहा, बरवाडीह आदि स्थानों में बालू लोड ट्रैक्टरों के सड़क किनारे खड़ा किये जाने पर रोक लगाने हेतु अंचल अधिकारी, बडकागांव एवं थाना प्रभारी को कारवाई करने का निर्देश दिया। जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा माह नवंबर में की गई कारवाई का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। डीएमओ ने बताया कि माह नवंबर में जिला खनन विभाग द्वारा कारवाई की गई है जिनमें अवैध कोयला लदे जब्त वाहनो की संख्या 23, बालू लदे जब्त वाहन की संख्या 21, स्टोन चिप्स लदे जब्त वाहन की संख्या 2, मिट्टी लदे जब्त वाहन की संख्या 2, दर्ज प्राथमिकी की संख्या 7, कुल गिरफ्तारी 12, कुल अभियुक्तियों की संख्या 55, जांच किए गए पत्थर खनन एवं क्रशरो की संख्या 13 पर कार्रवाई करते हुए कुल 28.56 लाख रू की राशि जुमार्ना के रुप में वसूली गई है। जिला परिवहन विभाग द्वारा 30 बालू लदे वाहनों पर परिवहन नियमों के उल्लंघन के बाबत पांच लाख सैंतालीस हजार पांच रू जुमार्ने के रुप में वसूले गए है। वहीं कुल 11 वाहनों पर तिरपाल नहीं रहने के कारण 1 लाख 26 हजार 751 रू वसूले गए तथा 10 ओवर लोड वाहनों से 4 लाख 51 हजार 550 रू दंड वसूले गए है तथा 6 अवैध कोयला लदे वाहनों को पकड़ कर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने साफ लफ्जों में अवैध खनन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया साथ ही अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में उपायुक्त के अलावे, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, डीएफओ,अपर समाहर्ता राकेश रोशन, जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, एसडीओ, सदर विधा भूषण कुमार, एसडीओ बरही पूनम कुजूर सहित सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## एसपी को आवेदन देकर न्याय की लगायी गुहार

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने कोडरमा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर इंसाफ दिलाने की गुहार लगाया है। उक्त महिला ने आवेदन में लिखा कि मैं एक गरीब हरिजन महिला हूं और अपने गरीबी के कारण रेफरल अस्पताल डोमचांच में सफाई का काम करती हूं। अपने बच्चों का भरण पोषण करती हूं। गत 17 दिसंबर 2022 को करीब साढ़े चार बजे दिन हम रेफरल अस्पताल डोमचांच से ड्यूटी करके घर पहुँची। इसी बीच चौकीदार लक्ष्मण पासवान ने मेरे घर में घुस के गलत नीयत से हमें पकड़ लिया और बिस्तर पर पटक दिया। हमारे साथ जबरदस्ती छेडछाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। चिल्लाने पर हमारे परिजन वहां पहुंचे तब लक्ष्मण पासवान वहां से भाग गया। महिला ने कहा कि जब नवलशाही थाना में शिकायत की तो उल्टे ही थाना प्रभारी गाली देने लगे। गलती तुम्हारी होगी और और बदनाम मेरे चौकीदार को करते हो। भागो, वरना तुमलोग को ही जेल में डाल देंगे।

## अपनी समस्याओं को लेकर लोगों ने डीसी से मुलाकात की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने सुशासन सप्ताह के तहत अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर मिलने आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आमजनों ने भूमि, शिक्षा, प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राजस्व, मुआवजा राशि, राशन कार्ड से संबंधित विभिन्न शिकायतों सहित अन्य समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करते हुए प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया।

## अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला कमेटी की बैठक



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला कमेटी कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक की अध्यक्षता में की गयी। रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट पेश किया जो सबो ने पास किया। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि 1932 के खतियान स्थानीयता के लिए 1932 का खतियान को आधार बनाया गया है जो सही है और झारखंड सरकार इस पर अडिग रहे। जहां तक नियोजन नीति का सवाल है उसमें स्थानीयता के आधार पर स्कूली शिक्षा का आधार बनाया गया है वह सही है। लेकिन राज्य में बहुत सी आबादी है जिन्हें यह स्वीकार्य नहीं है। बैठक को गुफरान खान, विनोद पासवान, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव, बबलू दास, राज देवदास, पूर्व मुखिया जयनगर खगेंद्र राम, संतोष दास, राम कुमार रजक, कैलाश रजक, सुखदेव पांडे, अखिलेश पांडे, सचिन दास, इसराइल अंसारी, बलवीर चौधरी, बबलू दास, बजरंगी दास, शिवनंदन शर्मा, फिरोज खान मौजूद थे।

## कोयला खनन परियोजना में 65वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन निरीक्षण दिवस मना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में 65वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन निरीक्षण दिवस मनाया गया। इस दौरान निरीक्षण डीएमएस (खनन)-कोडरमा क्षेत्र, आईएसओ, जीएम (सुरक्षा) सीसीएल एंव आम्रपाली ओपनकास्ट परियोजना से आए निरीक्षण लोगों द्वारा किया गया। मौके पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं के मुख्य महाप्रबंधक, सीएमएचक्यू एनटीपीसी से जीएम (सुरक्षा), खान एजेंट, खान प्रबंधक, परियोजना के प्रमुख टीएसएमपीएल (एमडीओ) अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डायरेक्टर माइंस सेफ्टी, आईएसओ और निरीक्षण करने वाली टीम को पौधा और शॉल देकर किया गया। मुख्य अतिथि नव प्रकाश देवरी ने गुब्बारे छोड़े और दीप प्रज्वलन के बाद एनटीपीसी गीत के साथ सभी ने सुरक्षा की शपथ ली। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि जब कोयले की डिमांड देश में कुछ महीने पहले बढ़ गई थी, तो सरकार ने हमें प्रोडक्शन बढ़ाने का निर्देश दिया था । जिसे आप सब के अथक परिश्रम की वजह से हासिल किया जा सका । मुख्य अतिथि नव प्रकाश देवरी ने कहा कि मैं शुरू से इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ा हूं, जैसे रकिसी माता-पिता को अपने बच्चे की सफलता पर खुशी महसूस होती है वैसे ही आज मुझे इस परियोजना को बढ़ते हुए देख खुशी महसूस हो रही है ।लेडी डंपर ड्राइवरों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आप समाज के लोगों के लिए उदाहरण हैं। देश की महिलाओं को आपने प्रभावित किया है। आज देश की लाखों बेटियां आप से प्रेरणा ले रही है। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ जहां व्यापार परीक्षण विजेताओं, श्रमिकों के लिए सुरक्षा स्टार और सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में टीम स्टॉल की ओर बढ़ी जहां विभिन्न खान मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। टीम ने खदान और डंप क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खानों के निरीक्षण के बाद एसओपी, सीओपी, एसएमपी और अन्य वैधानिक अनुपालन के लिए खानों का मूल्यांकन किया।

## हजारीबाग से लापता युवक का शव तिलैया डैम से हुआ बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** पिछले 2 दिनों से लापता हजारीबाग के युवक का शव गुरुवार को कोडरमा जिले के जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार हजारीबाग स्थित ओकनी निवासी और श्रीराम इंश्योरेंस के कर्मी 45 वर्षीय राजेश कुमार वर्मा 20 दिसंबर की रात लगभग 10 बजे अपनी मोटर साइकिल जेएच02 बीजे 7562 से निकले थे। उसके बाद वे वापस नहीं लौटे। उनकी लगातार खोजबीन की जा रही थी। इस बीच गुरुवार



को जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम से उनका शव बरामद किया गया। खबर पाकर चंदवारा पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल भेजा है। मृतक ने आत्महत्या की या दुर्घटना में उनकी मौत हुई है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

## ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षात्मक की गई। डीडीसी के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत लक्ष्य के विरुद्ध 86.7 प्रतिशत आवास पूर्ण किया जा चुका है। शेष 7309 लंबित आवासों को दिसम्बर माह में 2000 आवास को पूर्ण करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया था। इस वर्ष सहित लम्बित आवासो को हर हाल मे 31 मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सभी बीडीओ की जिम्मेवारी है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी प्रखण्डो को साप्ताहिक वितीय एवं भौतिक लक्ष्य के अनुरूप आवास पूर्ण करने के लिए निदेश दिया गया है। मनरेगा योजना अन्तर्गत मानव दिवस को लेकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्येक गांव में 5 योजना चलाने का निर्देश दिया गया। शत प्रतिशत आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया गया। वीर शहीद पोटो-हो खेल विकास योजना के तहत सभी पंचायतों में खेल मैदान व खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाओं निर्माण करने का निर्देश दिया गया।

## शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में मना गणित मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर, में महान गणितज्ञ रामानुजन जयंती के अवसर पर गुरुवार को विद्यालय में गणित मेला का आयोजन किया गया। मेले में कक्षा एलकेजी से दशम तक के भैया बहनों ने भाग लिया। मेले का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं में गणित के प्रति रुचि पैदा करना है। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओ. पी. राय, विवेकानंद कॉन्वेट स्कूल के निदेशक अनिल गुप्ता एवं विज्ञान विषय के प्रमुख कमलेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। निर्णायक में अभिजीत कुमार, नागेश सिन्हा, बबलु प्रजापतिं शामिल थे। अभिभावकगण भी बच्चों के उत्साहवर्द्धन के लिए उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप



प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुई। अतिथियों द्वारा बच्चों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों एवं मॉडल का निरीक्षण किया गया। मेले में गणितीय गीत संगीत, प्रश्नोत्तरी पहाड़ा, जोड़-घटाव का खेल , आकृति पहचान, वर्ग पहेली, वजन ऊँचाई नाप का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि गणित से ही बच्चों में तार्किक शक्ति का विकास होता हैं। वही ओ.पी. राय ने कहा कि गणित पर ही पूरी तकनिक आधारित है, यदि हम गणित में पीछे है तो दुनिया का मुकाबला नहीं कर सकते। कार्यक्रम प्रमुख ब्रजेश अनल ने कहा कि इस मेले से गणितज्ञों के योगदान को स्मरण कर उसका व्यवहारिक जीवन में महत्व को दशार्ना है। बच्चों के अन्दर गणित के प्रति रुचि जागृत करना है। वाटिका वर्ग से प्रथम स्थान पर सक्षम कुमार, द्वितीय साक्षी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर श्रेयांसी प्रिया। शिशु वर्ग से प्रथम स्थान विकांशु और अनंत द्वितीय दिव्यांशी गुप्ता एवं तृतीय स्थान पर शिवांश कुमार। बाल वर्ग से प्रथम स्थान पर अंश, सौरभ झा, सोनू, पुष्कर द्वितीय स्थान पर जानवी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर अनुप्रिया एवं रिचा कुमारी रही। किशोर वर्ग से प्रथम स्थान पर सूरज, द्वितीय स्थान पर रिशु कुमार एवं तृतीय स्थान पर साधना कुमारी रही।

## बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच कंबल वितरण

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत दक्षिणी के टोला तेलियामारन स्थित बिरहोर टोला के बिरहोर लोगो के बीच मरकच्चो प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक ने 22 दिसम्बर को झारखंड सरकार के द्वारा आवंटित कम्बल का वितरण किया। लगभग 30 लाभुक बिरहोर परिवार के बीच कम्बल वितरण किया गया। प्रखंड समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से लोग परेशान हैं। ठंड का सबसे ज्यादा प्रभाव इन गरीब आदिम जनजाति को होता है। इस अवसर पर बीसीओ लक्ष्मीकांत लोहरा, पंचायत सचिव श्यामसुंदर प्रसाद, जेई करण मेहरा, बीएफटी प्रदीप राणा, पूर्व उपमुखिया समसुद्दीन मियां आदि उपस्थित थे।

## सतबहिया में मुखिया पारसनाथ महतो ने बच्चों को दी पोशाक

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कांडतरी पंचायत के सतबहिया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा 1 और 2 के कुल 12 विद्यार्थियों के बीच पोशाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि कांडतरी पंचायत के मुखिया पारसनाथ महतो ने सात बच्चों को ही दिया गया। जिसमें शर्ट,पैंट,स्वेटर,जूता मोजा सामिल है। वही 5 बच्चों को पोशाक नहीं मिलने पर बच्चे बड़े ही उदास दिखे। इस संबंध में मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने कहां की सभी बच्चों को एक साथ देने की



व्यवस्था करनी चाहिए 5 बच्चों को नहीं मिलने से मैं काफी आहत हूं। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय सचिव डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, सहअध्यापिका अरुप्रिया तिर्की, सिआरपी दीपक कुमार, अध्यक्ष मालती देवी, अनिल बिरहोर, भीम प्रजापति, अशोक प्रजापति रितु प्रजापति सहाय बिरहोर रविकांत महतो,राजकुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झुमरीतिलैया में भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल का होगा जीर्णोद्धार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला कमेटी कोडरमा की बैठक बृहस्पतिवार को साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव गणेश दास ने किया। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने प्रस्तुत किया। बैठक में बाईपास रोड झुमरी तिलैया में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण करने का फैसला लिया गया। इसके लिए निर्माण कमेटी का गठन किया गया। निर्माण समिति के सर्वसम्मति से संरक्षक मनोज रजक, अध्यक्ष विकास कुमार, वही कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश दास, विनोद राम को चुना गया। नवनिर्वाचित संरक्षक मनोज रजक ने कहा कि तिलैया बाईपास स्थित बाबा साहब प्रतिमा स्थल का बहुत जल्द सुंदरीकरण किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, कैलाश रजक, विनोद पासवान, जिप सदस्य महादेव राम, गणेश दास, राज देव दास, राजू, नवरंग राम, संजय कुमार दास, राजेंद्र दास, अरुण कुमार दास, सोनू दास, कारू दास, संतोष दास, प्रदीप राम आदि लोग मौजूद थे।

## रबी कर्मशाला सह मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना विषय पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** नगर भवन हजारीबाग में रबी कर्मशाला एवम् मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा सुखाड़ राहत योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी एवं किसानों को राहत पहुंचना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को सुखाड़ से राहत देने के लिए किसानों से प्राप्त आवेदनों का छः विभिन्न स्तर पर सत्यापन किया जाना है। उन्होंने बताया ज़िला में सुखाड़ राहत से संबंधित लगभग 13 लाख



आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसको कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एसडीओ, डीसी स्तर से सत्यापन प्रक्रिया कार्य की प्रगति अब तक संतोषजनक नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कार्यशाला के बाद सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी आयेगी। सत्यापन प्रक्रिया में आ रही अड़चनों, तकनीकी पक्ष को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी वरीय अधिकारियों के संपर्क में रहे। सत्यापन प्रक्रिया के हर पहलू से अवगत हो तथा प्रक्रिया में आ रही समस्याओं को दूर कर सत्यापन की गति में तेजी लाने का काम करें। उन्होंने कहा अगले तीन चार दिनों के अंदर शत प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन सभी लॉगिन स्तर से सुनिश्चित कर ले। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने बताया राज्य सरकार की ओर से किसानों को सुखाड से राहत देने के लिए प्रयास कर रही है जिसके तहत 29 दिसंबर को किसानों के खाते में सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया है ।संयुक्त कृषि निदेशक ने इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, कृषक मित्रों को कहा मृदा जांच के कार्य पूरा करें।

## रोजगार दिवस पर आमसभा का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत के मथुरा नगर में रोजगार दिवस के अवसर पर आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने की। मुखिया ने कही कि पुर्व में सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को पंचायत भवन में आम सभा होती थी जिसमें सभी वार्ड के लाभुक उतनी संख्या में नहीं भाग लेते थे जिसे देखते हुए प्रत्येक गुरुवार को वार्ड के अनुसार आम सभा किया जा रहा है । मथुरा नगर के लोगों ने अपनी समस्या को मुखिया के पास रखा जिसे मुखिया ने समस्या समाधान करने की बात कही। वहीं आम सभा में उपस्थित लोगों को मुखिया ने कही कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरूर लें। सबसे पहले अपलोग मजदूर कार्ड को बनावे और सभी दीदी बाडी योजना से जुडे। आम सभा में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, बीएफटी सुरेश रजक, वार्ड सदस्य पिंकी देवी, रघु रविदास, सुरेश राम, बासुदेव रविदास, नंदकिशोर प्रजापति, समरी देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी,चमेली देवी, संगीता देवी, सहारा देवी, नीलम देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया ने स्कूल में किया पोशाक वितरण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बनासो पंचायत के उत्कर्मित माध्य विद्यालय नावाटांड में स्कूली पोशाक वितरण मुखिया चंद्रशेखर व पंचायत समिति सदस्य राधा रानी के हाथों नन्हें विद्यार्थियों के बीच स्कूली कपड़े, जूता मौजा व सवेटर का वितरण किया गया। मुखिया चंद्रशेखर ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है इन्हें बेहतर शिक्षा मिलना चाहिए। पंसस राधा रानी ने कहा कि बच्चों के नियमित स्कुल आने से ही अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य को जान पाएंगे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक टोकन महतो, शिक्षक गंगाधर महतो, शिक्षक तिलेश्वर महतो, शिक्षिका सुमित्रा देवी, शिक्षक तेजनाथ प्रसाद, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बसंती देवी राज स्टूडियो के संचालक सह पंससङ्ग प्रतिनिधि राजकुमार महतो व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुखिया अनिल देव ने अपने खर्च से कराया बिरहोर की आंखों का इलाज



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने बिरहोर टोला में किये अपने वादे को पूरा करते हुए गुरुवार को लक्ष्मण बिरहोर की आँखो का इलाज अपने खर्च से कराया। मुखिया ने सामजसेवी अजित कुमार के साथ जाकर नेत्र रोग विशेसज्ञ टी मैत्रा से उसकी आँखों को दिखाया जहां डॉक्टरों ने उसकी आँखों मे जख्म होने की बात कही है। डॉक्टर ने बताया कि दो माह पूर्व आंखों में मिट्टी जाने के बाद ठीक से इलाज नही हो पाया जिस कारण उसकी एक आंख में जख्म हो गया है। अजित कुमार ने बताया कि डॉक्टर ने डेढ़ महीने तक इलाज चलने की बात कही है और हर सप्ताह डॉक्टर दिखाना होगा। लक्ष्मण विरहोर ने मुखिया और अजित कर द्वारा सहयोग करने को लेकर उनको धन्यवाद दिया है।

## विभावि की टीम युवा महोत्सव के लिए ओड़िशा रवाना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 36 वां अंतर विश्वविद्यालय पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए 43 सदस्यीय टीम विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से कलिंगा इंडस्ट्रियल इंस्टीच्यूट आफ टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गई। टीम मैनेजर डॉ विनोद रंजन व जेआर तिर्की हैं। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ अंबर खातूम ने टीम को विदा किया। मौके पर डॉ गंगानंद सिंह भी उपस्थित थे। कुलपति व कुलसचिव ने टीम को शुभकामनाएँ प्रेषित कर बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

## डीपीएस में राष्ट्रीय गणित दिवस पर मैथ्स ओलिंपियाड का आयोजन




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में महान गणित विचारक श्रीनिवास रामानुजन इयंगर के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक आई पी भारती, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तथा प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने श्री निवास रामानुजन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। आई पी भारती ने कहा कि रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन गणितज्ञों में की जाती है जिन्होंने विश्व में नये ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की गणित के क्षेत्र में गौरवशाली परंपरा रही है,जिसे प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस अवसर पर विद्यालय में गणित ओलंपियाड का आयोजन किया गया। गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में श्रेया गुप्ता,पवन कुमार,मयूर कुमार,रूही फातिमा, रौशन कुमार, देवानंद चौधरी, शीतल कुमारी, खुशी कुमारी,शिवम कुमार, प्रेम कुमार,साची कुमारी, विदिशा रंजन,भीम मंडल,आसीफ अंसारी,राज कुमार, आर्यन कुमार, स्नेहा कुमारी,प्रिंस कुमार,आसिया खारुन रुक्मिणी कुमारी,रम्य रंजन,कृष कुमार आदि रहे। ओलंपियाड प्रतियोगिता को सफल बनाने में संजय कुमार यादव, काशीनाथ महतो, अविशेष कौशल,विमल किशोर, प्रीति प्रभा, कुलदीप पासवान, अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, शबनम खातुन, सुलेखा मोदी,राधा कुमारी,रूबी खातुन,राधा तेजस्वी,पुनम कुमारी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## अभाविप के झंडों से पटा हजारीबाग शहर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद का 23वाँ प्रांतिय अधिवेशन स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में 24 से 27 दिसंबर तक होना तय है। जगह जगह चौक चौराहे पर अभाविप के झंडों से कार्यकताओं द्वारा शहर को सजाया गया है। दीवार लेखन, होडिंग, बैनर, चित्र कला आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार भव्य तरीके से किया जा रहा है। स्कूल परिसर कार्यक्रम स्थल में भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पूरे कार्यक्रम स्थल को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। अभाविप के कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन रात जुटे हुए है। इससे पूर्व में 2015 और 2015 से भी पूर्व में हजारिबाग की धरती पर विधार्थी परिषद का प्रांतीय अधिवेशन हो चुका है।

## मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने विदेश मंत्री एस जय शंकर को पत्र लिखकर हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो जिले के प्रवासी मजदूरों के वेतन वापसी की मांग की है। मांडू विधायक ने लिखे पत्र में कहा है कि झारखंड राज्य के हजारीबाग ,गिरिडीह एवं बोकारो जिले के लगभग 44 मजदूर छः महीने पूर्व ट्रांसमिशन लाइन में काम करने ताजिकिस्तान गए थे जहां पर पिछले तीन महीने से वेतन भी नहीं दिया जा रहा है ।जिससे सभी मजदूर भुखमरी का डंस झेल रहे हैं ।परिजन काफी चिंतित हैं व आशंकित है ।सभी मजदूरों की पारिवारिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। प्रवासी मजदूरों द्वारा ताजिकिस्तान से वतन वापसी की मांग की है ।मांडू विधायक ने पत्र की प्रति मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार, विदेश सचिव भारत सरकार एवं मुख्य सचिव झारखण्ड को भी दी है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


## डीसी ने रामगढ़ जिले में किये जा रहे स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# ब्लड बैंक के माध्यम से 24 घंटे जरूरतमंदों को सेवाएं उपलब्ध करायें : माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किये जा रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा की। इस दौरान प्रसव पूर्व जांच के तहत हो रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं कार्यों को गंभीरता से लेते हुए सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नियमित रूप से सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का नियमित प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वही, संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने, निजी अस्पतालों में होने वाले प्रसव से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करने व संबंधित जानकारियां पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश

बच्चों के विकास के मद्देनजर डीसी ने नियमित टीकाकरण कार्यों की विस्तार से प्रखंड वार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में शत प्रतिशत बच्चों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वही, डीसी ने परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

### क्षेत्रों में शत प्रतिशत कुपोषित बच्चों को सही उपचार देने का निर्देश

कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए संचालित एमटीसी केंद्रों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से एमटीसी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। डीसी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए उनके क्षेत्रों में शत प्रतिशत कुपोषित बच्चों को सही उपचार देने का निर्देश दिया।

### पीसीपीएनडीटी एक्ट का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने लड़कों की तुलना में लड़कियों की कम संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए सिविल सर्जन सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पीसीपीएनडीटी एक्ट का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने कहा कि अगर किसी भी क्षेत्र से भ्रूण जांच से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो उस पर त्वरित कार्रवाई की जाए एवं नियमित रूप से अधिकारी औचक जांच अभियान चलाएं एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन नियमित रुप से जिला स्तर पर उपलब्ध कराए।

## सोसो कलां मुखिया ने खिलाड़ियों के बीच किया फुटबॉल का वितरण



**गोला (आजाद सिपाही)।** सोसो कलां मुखिया नीता देवी ने गुरुवार को हेमतपुर गांव स्थित अपने आवास में खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को हर संभव मदद किया जाएगा। जिसकी शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इससे शरीरिक एवं मानसिक विकास में वृद्धि होती है। आज के इस डिजिटल दुनिया में लोग मोबाइल इंटरनेट की दुनिया में उलझ गए है। जिससे खेल के प्रति ध्यान नहीं जा पा रहा है। फुटबॉल पाकर खिलाड़ियों ने मुखिया को धन्यवाद दिया। मौके पर विशाल करमाली,विष्णु करमाली,मनीष करमाली,राजा करमाली,शशि रजवार,अमित महथा आदि मौजूद थे।

## कुआं में डूबने से वृद्ध की मौत

**गोला (आजाद सिपाही संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बेटूल कलां गांव में कुवां में डूबने से एक वृद्ध बाबूलाल बेदिया की मौत हो गयी। गुरुवार की सुबह शव को ग्रामीणों ने देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि बाबूलाल कुवां को देख नही पाए और डूब गये। जिससे उनकी मौत हो गयी।

## पीवीयूएनएल ने एसएस हाई स्कूल में खेल कीट का किया वितरण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कुल में गुरुवार को पीवीयुएनएल के द्वारा अपने कार्यक्रम स्पोर्ट्स कीट डिस्ट्रीब्युशन ड्राईव के तहत अनेक खेलों का कीट का वितरण किया गया। इस मौक पर स्वर्णरेखा महिला समिति के अनेक महिलाएं भी शामिल थीं। इसके तहत स्कुल को क्रिकेट कीट, फुटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल, स्किपिंग, शतरंज आदि खेलों के कीट व ड्रेस भी दिए गए। मौके पर महिला समिति के महासचिव सरीता झा एवं कल्याण सचिव दीपिका राय ने छात्र छात्राओं को उत्कृष्टता हासिल करने के लिए शारीरिक व मानसिक मजबुती किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है। इसके सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। और कहा कि पीवीयुएनएल के द्वारा खेल कीट का वितरण बच्चों को स्कुल में आने और उनके ड्रॉप आउट होने की संख्या को कम करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होने बताया कि पीवीयुएनएल चला स्कुल चलें कार्यक्रम चला रहा हैं मौके पर निशांत सैनी, चेतक कुमार, प्राचार्य रविन्द्र रविदास, प्रमाद प्रकाश सिंह सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिका शामिल थे।

## 25 दिसंबर को भाजपा सभी बूथों पर मनायेगी सुशासन दिवस



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश के निर्देश पर 25 दिसंबर को पीएम मन की बात एवं पूर्व पीएम स्व अटल बिहारी बाजपेई की जयन्ति के मौके पर सुशासन दिवस के रुप में मनाने जाने को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा की अध्यक्षता में जिले के प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह की उपस्थिति में बैठक आहूत किया गया। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं मंडल सोशल मीडिया प्रभारी के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी के द्वारा कार्यक्रम को लेकर रुप रेखा के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी दी गई। इस बैठक में जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनमीत सिन्हा ने सोशल मीडिया के महत्व पर प्रकाश डाला बैठक में जिलामंत्री सह मन की बात के प्रभारी शिव बालक सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र साव, तिलेश्वर पासवान, सुजीत जायसवाल, धर्मेन्द्र साव, सभी मंडल अध्यक्ष चतरा ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिंह, नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य प्रतापपुर प्रखंड अध्यक्ष बिनोद गुप्ता, लावालौंग अध्यक्ष शंकर साहु, जोरी अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, पाण्डेय पुरा सत्येन्द्र सिंह, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह, सिमरिया दयानिधि सिंह, बंगला सुखदेव पासवान, कान्हाचट्टी सतीश सिंह, पत्थलगड़ा बिनोद दांगी, अम्बिका भोक्ता जितेन्द्र यादव, शिवकुमार चौबे परशुराम शर्मा मनजीत राणा समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धांधली व गबन का आरोपी पूर्व बीडीओ देवराम भगत को भेजा गया जेल

**चतरा (अजय चौरासिया/आजाद सिपाही)।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड में अपने पदस्थापना के दौरान सरकारी योजनाओं में धांधली व घोटाले के आरोपी बीडीओ देवराम भगत को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी को लोहरदगा के घाघरा इलाके से प्रतापपुर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया है। वर्ष 2005-06 में प्रखंड में हुए कुआं एवं आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर दर्ज प्राथमिकी में पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी देवराम भगत को पुलिस नें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कांड संख्या 75/12 में बीडीओ पर कुआँ एवं आवास में गड़बड़ी का आरोप है। इस मामले को तत्कालीन विधायक जनार्दन पासवान ने विधानसभा में सवाल उठाया था। जिसके बाद जांच कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर बीडीओ समेत कुल 39 विभागीय पदाधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था। स्पेशल टीम में एसआई जितेन्द्र दास व पुलिस अवर निरीक्षक अखलेश यादव समेत जिला बल के जवान शामिल थें। जानकारी के अनुसार विधानसभा में सवाल पूछे जाने के बाद बीडीओ के विरुद्ध करीब 10 लाख 24 हजार 300 रुपये के कूप निर्माण की राशि के गबन का मामला दर्ज कराया गया था। गिरफ्तार पूर्व बीडीओ वर्ष 2021 में सेवानिवृत्त होने के बाद अपने गांव लोहरदगा के घाघरा में रह रहे थे। उनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस मामले के अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

## अपराध और नशे के खिलाफ थाना प्रभारी ने शुरू की पाठशाला

संतोष कुमार



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** संविधान का पालन करते हुए बच्चे देश के अच्छे नागरिक बनें और वे अपने विद्यालय माता पिता, गांव, राज्य और देश को उंचाई तक पहुंचाने में नाम रोशन करें और देश के मिट्टी से जुड़ कर बेहतर नागरिक बने। इसके लिए पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार के द्वारा पतरातू स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कुल में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें स्कुल के प्राचार्य रविन्द्र रविदास, प्रमोद प्रकाश सिंह, निर्मला कुमारी आदि वरिष्ठ शिक्ष व शिक्षिका शामिल थे। इस मौके पर थाना प्रभारी ने बच्चों को नशा से दूर रहने, आयु के अनुसार ही बाईक आदि का इस्तेमाल करने और अपराधिक गतिविधियों आदि से दूर रहने की सलाह दी। उन्होने बताया कि चाहे वो नशाखोरी हो या फिर अपराध हो इससे पुरा जीवन तबाह और बर्बाद हो जाता है। इसलिए इन सब रास्तों से दूर ही रहना चाहिए। उन्होने कहा कि जबतक 18 वर्ष की आयु ना हो जाए और ड्राईविंग नहीं बन जाए। तबतक टु व्हीलर या फिर चारपहिया वाहनों को नहीं चलाना चाहिए। उन्होने कहा कि अभिभावक उन्हे स्कुल अच्छा नागरिक बनने के लिए भेजते हैं। और वे जोश में गलत काम कर रहे होते हैं। इससे दूर रहना चाहिए। थाना प्रभारी ने बच्चों से बातें की और उनके विचारों को जाना। मौके पर विनेश्वर महतो, अंजय कुमार, विवेक उरांव, विनोद प्रकाश सिंह, सुजित पटेल, वारिश खां, मो फैजान मलिक, अनिल कुमार कुशवाहा, नुर आलम आजमी, मो इमरान, मंजु कुमारी, निर्मला कुमारी, अंशु निलम तिर्की, अशोक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग व सैकडो की संख्या में बच्चे शामिल थे।

## मंडेर में हाइवा पलटा, चालक उपचालक की मौत

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र मंडेर में बुधवार की देर शाम को राजधर साइडिंग कोयला से खाली कर लौट रहे एक हाइवा ने अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे मौके पर हाइवा से दब कर उप चालक 19 वर्षीय अनीश टर्की पिता किशुन उरांव की मौत हो गया।चालक को आनन फानन में टंडवा सीएचसी लाया गया।जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर रेफर कर दिया गया। जिसमे चालक भी उपचार के दौरान मृत्यु हो गया। दुर्घटना में हाइवा संख्या सीजी-13एएन-7090 है। यह हाइवा जय आंबे रॉड लाइन्स का ट्रांसपोर्टिंग बताया गया। इसी के कर्मी चालक उपचालक थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों नें उचित मुआवजा नौकरी की माँग को लेकर सड़क जाम कर दिया।

## ग्रीन कार्डधारियों को चार माह से अनाज नहीं मिला

**चतरा (आजाद सिपाही)।** कान्हाचट्टी प्रखंड में ग्रिन कार्डधारियो को चार माह से अनाज नदारद है। जिसे लेकर ग्रीन कार्डधारी प्रत्येक माह डीलरों के यहां लगा रहें है चक्कर। ग्रीन कार्डधारियों को चार माह से अनाज नहीं मिलने को लेकर राजपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष विकाश कुमार ने कहा है कि, एफसीआई गोदाम में ग्रीन कार्डधारियों का अनाज उपलब्ध है, फिर भी डीलरों द्वारा अनाज आवंटन नहीं होने का हवाला देकर कार्डधारियों को वैरंग वापस कर दे रहे हैं। डीलरों का कहना है कि हमलोग को एफसीआई गोदाम से ग्रीन कार्डधारियों का अनाज चार माह से उपलब्ध नहीं कराई जा रही है तो हम लोग अनाज कैसे दें। इधर ग्रीन कार्डधारियों को अनाज नहीं मिलने से एक तो प्रत्येक माह डीलरों के यहां से वैरंग मायूस होकर वापस लौट रहे हैं वहीं भुखमरी के कगार पर है। अनाज नहीं देने पर मुखिया विकाश कुमार ने कहा है कि, यदि एक सप्ताह के अंदर ग्रीन कार्डधारियों को अनाज नहीं दिया गया तो हम सभी मुखिया संघ आंदोलन करेंगे। जिसका जिम्मेवार डीएसओ, एमओ होंगे। बता दें कि इस वर्ष धान पैदावार नहीं होने के कारण जिला भुखमरी के कगार पर है। दूसरी ओर क्षेत्र सुखाड़ होने के कारण झारखण्ड सरकार अनाज मुहैया कराने को लेकर कटिबद्ध है। किंतु ग्रीन कार्डधारियों को अनाज क्यों नहीं दी जा रही है। आखिर यह अनाज किसके इशारे पर किया जा रहा है घोटाला? कौन है इसका जिम्मेवार? क्यों नही ग्रीन कार्डधारियों को चार माह से नही दी जा रही है अनाज ?यह एक बड़ा सवाल है? समय रहते अगर चार माह का अनाज का वितरण ग्रीन कार्ड धारकों के बीच नही हुवा तो हम सभी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## तोपा लोकल रोड सेल में स्वयं मजदूरी राशि वसूली को लेकर दो गुट आमने-सामने

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना के लोकल रोड सेल में स्वंय मजदूरी राशि वसूली को लेकर दो गुटो के आमने-सामने होने की वजह से सेल में लदाई कार्य अनिश्चितकाल के लिए बाधित हो गया। वही, दो पक्षों के तनावपूर्ण उत्पन्न विवाद से सेल पर ग्रहण लगने की संभावना दिखनी शुरू हो गई है। इधर, पूर्व घोषित कार्यक्रम के रैयत विस्थापित/ प्रभावित मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष किशोर करमाली के नेतृत्व में स्वयं मजदूरी राशि वसूली करने को लेकर विभिन्न गांवो के सैकड़ों ग्रामीण तोपा लोकल सेल कांटा घर पहुंचकर आठ गाड़ियों से अपनी मजदूरी राशि वसूल की। इधर, सेल संचालन समिति को किशोर करमाली के नेतृत्व में लोडिंग करने पहुँचे ट्रकों से मजदूरी राशि वसूलने की सूचना मिलने के बाद समिति के समर्थकों ने जमकर विरोध जताते हुए ट्रकों पर कोयला लादने समेत अन्य कोलियरी कार्य का कामकाज ठप करा दिया। वही, दोनों पक्षों के आमने-सामने होने और स्थिति तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए सीसीएल सुरक्षा विभाग ने तत्काल प्रबंधन के आदेशानुसार कुजू पुलिस को सूचना दी गई। जहां ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने का अनुरोध किया गया। लेकिन दोनों गुट द्वारा स्वयं राशि वसूली करने व उत्पन्न विवाद मामले का निपटारा नहीं हो सका। जिसके बाद ओपी प्रभारी ने लोकलसेल में कोयला लादने गए चार ट्रकों को कोयला लादने के बाद बाहर करते हुए शेष अन्य ट्रकों को रोकते हुए सेल को गतिरोध समाप्त होने तक बंद रखने का निर्देश दिया।

### क्या कहते हैं दोनों गुट के लोग

सेल संचालन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर मांझी का कहना है कि पूर्व की भांति जो नियम बने हैं उसका पालन किया जाये। वहीं, रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा का अध्यक्ष किशोर करमाली कहना है कि हैंड लोडिंग के नाम पर मजदूरों का पैसा मोर्चा के पास ही जमा किया जाय।

## चार दिनों से लापता का शव कुआं से मिला

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** पिछले चार दिनों से लापता थाना क्षेत्र के करममोड़ निवासी 50 वर्षीय धूरन राणा का शव गुरुवार की सुबह घर के पास कुंआ में तैरता हुआ मिला। खोजबीन के दौरान बुधवार सुबह में बरामद किया गया। लापता होने की रपट बुधवार को स्थानीय थाना में लिखाई गयी। वहीं परिजनों ने कुएं में तैरते हुए शव देखे जाने पर मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को अन्त्यपरीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया । वहीं पुलिस के समक्ष मृतक धूरन राणा की पत्नी झालो देवी ने शव के चेहरे व आंख में लगी गंभीर चोट को देखते हुए हत्या किए जाने की प्रबल आशंका जताई है। बहरहाल पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पूर्व हत्या होने के विभिन्न संभावित पहलुओं पर अनुसंधान कर रही है।

## मुख्यमंत्री के चतरा दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू, उपायुक्त ने किया प्रखंड का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** गुड गवर्नेंस वीक के तहत जिले में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक सुलभ तरीके से पहुंचाने के लिए जगह जगह कैम्प लगाये जा रहै हैं। इसके तहत चतरा प्रखंड के डारहा पंचायत के सेहदा गांव में मुख्यमंत्री साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवरीति योजना आदि के तहत लाभ देने के लिए लगाए गए कैम्प का निरीक्षण कर ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त कर उनको जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया।उन्होंने मौके पर ग्रामीणों को कई योजनाओं की परिसम्पत्तियो का वितरण किया साथ ही सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। अपने निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त इमरान ने आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को स्वेटर एवं कंबल का वितरण किया। उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि लोग ततपरता के साथ लोगों की सेवा भाव एवं लोक हित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर पदाधिकारी त्वरित कार्रवाई करें।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीसीएल सौंदा शाखा की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीसीएल सौंदा शाखा की बैठक गुरूवार को सीसीएल सौंदा में हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा सचिव विजय कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू अंचल सचिव कॉमरेड मनोज कुमार महतो उपस्थित थें। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान चलाने, शाखा सम्मेलन, कोष संग्रह एवं रोजगार आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि पूरे प्रखंड में पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाई जाएगी। हर एक पंचायत में कैंप लगाकर अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी में जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। मौके पर मनोज कुमार महतो, विजय कुमार, कृष कुमार, कृष्ण देव प्रसाद, राहुल कुमार, मनोज मुंडा, राजकुमार तांती, आरिफ राजा, कुंदन यादव, अनूप कुमार चैधरी, विवेक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, छोटू कुमार आदि मौजूद थें।

## लपंगा की तमन्ना वर्मा का नेशनल आर्चरी चैंपियनशीप के लिए हुआ चयन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लपंगा कॉलोनी चोरधरा निवासी शेखर वर्मा एवं रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा का नेशनल आर्चरी चैम्पियनशीप के लिए चयन हुआ है। तमन्ना के चयन से उसके माता-पिता परिजन सहित कोयलांचल भुरकुंडा में हर्ष का माहौल है। आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में 7 से 9 जनवरी तक होने वाले नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में तमन्ना अपने खेल का जौहर दिखायेगी। चयनित छात्रा के पिता शेखर वर्मा एवं माता रूबी वर्मा ने बताया कि तमन्ना पिछले 7 फरवरी 2022 से बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर सिल्ली रांची में ट्रेनिंग ले रही थी। मात्र 10 महीने के अभ्यास से उसने अपनी मेहनत के बलबुते नेशनल आर्चरी चैम्पियनशीप में जगह बनाई है जो हमसबों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर को जमशेदपुर जेआरडी में नेशनल चैम्पियनशीप के जिए तमन्ना वर्मा का चयन हुआ है। इसमें झारखण्ड से 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। बताते चलें कि 27 नवंबर 2022 को यूपी के मथुरा में आयोजित तृतीय खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी 2022 के प्रतियोगिता में तमन्ना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व कोयलांचल का मना बढ़ाया है। इसमें वोमेंस एनआरएटी महिला रैंकिंग में तमन्ना ने पूरे भारत में 15वीं रैंक और झारखंड की एक मात्र खिलाड़ी होने का गौरव पाया था। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए सांसद सह सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी ने तमन्ना को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया था।

## सहियाकर्मियों की सेवा स्थायी व मानदेय बढ़ाने को लेकर विधायक ने उठाया विधानसभा में मामला



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने झारखंड विधानसभा शीत सत्र के चैथे दिन स्वास्थ्य सहिया कर्मियों का मामला सदन में उठाया। अंबा प्रसाद ने सदन में कहा कि झारखंड की ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की बागडोर संभालने वाली सहिया ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ है। सहिया बहनों ने कोविड काल के दौरान जान जोखिम में डालकर काम किया है, इसके बाबजूद उनकी न तो मानदेय में बढ़ोतरी हुई है और न ही बीमा राशि का लाभ मिला है। बढ़ती महंगाई के कारण सहिया दीदी को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। अंबा प्रसाद ने सरकार से मांग किया कि सहिया कर्मियों की सेवा स्थायी, मानदेय में बढ़ोतरी समेत अन्य सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय।

## भाजपाइयों ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमेल उरांव व विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान उपस्थित थें। बैठक की अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर भाजपाईयों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके अधूरे सपने को पूरा करने का भी संकल्प लिया। साथ ही पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रेरित भी किया गया। कहा गया कि 25 दिसंबर को गूगल पर जाकर वेबसाइट के माध्यम मन की बात सुनना है। साथ ही अपनी-अपनी फोटो भी अपलोड करनी है। मौके पर अमरेंद्र कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, संतोष शर्मा, अनिता सोनी, बाबूलाल नायक, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, राजेश सोनी, अखिलेश टोप्पो, देवकुमार सिंह, राजेश गुप्ता, ज्योति सिंह, किशोरी वर्मा, राजू मल्होत्रा, सिद्धार्थ नायक, हरदेव सिंह, सुरेंद्र यादव, राजेश श्रीवास्तव, राजन पांडेय, बाबूलाल गोस्वामी, अवधेश पासवान, जर्नादन सिंह, विनोद सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रेम कुमार, अभिषेक पाठक, राजेश गुप्ता, राधे श्याम चंद्रवंशी, प्रह्लाद पांडेय सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थें।

## डीएवी बरकाकाना ने किया गणित सप्ताह का आयोजन



**बरकाकाना।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना में उन्नीस दिसंबर से बाइस दिसंबर तक गणित सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतवर्ष के विभिन्न गणितज्ञों की जानकारी बच्चों के साथ साझा किया गया। प्रत्येक दिन उन गणितज्ञों पर एक वक्तव्य और क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम डॉ वशिष्ठ नारायण सिंह के उपलब्धियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया।इसी प्रकार अगले दिन शकुंतला देवी जिनके बारे में यह कहा जाता है कि वे कम्प्यूटर से तेज रफ्तार से गणना कर सकती थी,उनके बारे में बच्चों को जानकारी दी गई।पुनः फिर प्राचीन भारत के महान गणितज्ञ आर्यभट्ट जिन्होंने शून्य का अविष्कार किया था के संबंध में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई।तदोपरान्त श्रीनिवास रामानुजम के उपलब्धियों के बारे में बच्चो को अवगत कराया गया। इस श्रृंखला में एक गणित रीले रेस का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तृतीय से पंचम तक के बच्चों ने भाग लिया।कनीय वर्ग के बच्चों के लिए लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें नवमी और ग्यारहवीं शामिल हुए।रीले रेस में वशिष्ठ सदन विजेता तथा द्रोण सदन उपविजेता रहे।वहीं लेख प्रतियोगिता में फरहान हुसैन, ग्यारहवीं विज्ञान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जबकि कक्षा नवमी के मयंक दुबे और नेहा कुमारी ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## नगर भवन में क्विज प्रतियोगिता आज



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** चट्टी गाड़ीलौंग निवासी इंडियन एयर फोर्स सेवारत बंसत गुप्ता ने अपने सौजन्य से बच्चों के कौशल एव उन्नत कला को विकसित का बढ़ावा देने के लिये क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया है।इसके स्थान टंडवा नगर भवन में शुक्रवार को समय सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 12 बजे तक होगी।इसके लिए एयर फोर्स बंसत कुमार ने टंडवा के विभिन्न सरकारी,गैर निजी स्कुलो के छात्र छात्रो को आमंत्रण पत्र देकर तैयारी पूर्ण कर लिया है।छात्र-छात्रो को मनोबल को ऊँचा रखने के लिये प्रश्नोत्तर के बाद पुरस्कार दिये जायेंगे।उन्होंने आशा के साथ अपील किया है की आमंत्रित स्कुल प्रबंधन से की छात्र छात्रो को समारोह पूर्वक भाग लेने में सहायता करें।एव क्विज प्रतियोगिता खुशी पूर्वक सँपन्न कराने में सहयोग करें।

# फिर कोई चूक न हो

चीन और जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, अमेरिका जैसे देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार अगर सतर्क हुई है, तो यह स्वाभाविक ही नहीं आवश्यक भी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को एक बैठक करके हालात की समीक्षा की। उसके बाद नीति आयोग की तरफ से लोगों को भीड़भाड़ वाली जगह में मास्क लगाने की सलाह दी गयी। बूस्टर डोज लेने की भी अपील की जा रही है। खबर है कि एयरपोर्ट पर विदेशी यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग भी शुरू कर दी गयी है। इससे पहले सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया कि कोरोना के हर पॉजिटिव सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाये। इससे इस बात पर नजर बनी रहेगी कि देश में इस वायरस का कोई नया वेरिएंट तो नहीं आ गया, लेकिन इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने और ऐसा संभव न हो तो देशहित में यात्रा स्थगित करने का सुझाव भी दिया। कांग्रेस ने अपेक्षा के अनुरूप इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उसे यह कहने का मौका मिल गया कि यात्रा की सफलता से सरकार डर गयी है और कोरोना की आड़ में इसे स्थगित करवाना चाहती है। बहरहाल, राजनीति से जुड़े इस पहलू को छोड़ दिया जाये, तो इसमें संदेह नहीं कि विदेश में कोरोना के नये मामलों में हो रही अप्रत्याशित बढ़ोतरी सचमुच चिंताजनक है। खास कर चीन में तो भयावह हालात हैं। वहां अस्पतालों में बेड नहीं मिल रहा, शवदाह गृहों में लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सही सूचनाएं सामने नहीं आ रहीं। मंगलवार को चीनी सरकार ने कहा कि किसी मौत को कोविड-19 से हुई मौत माना जाये या नहीं, यह तय करने के आधारों में बदलाव किये गये हैं। इससे इन अटकलों को और बल मिला है कि चीन सरकार कोरोना से उपजे हालात और इससे होने वाली मौतों की वास्तविक संख्या छुपाना चाहती है। अगर यह सच है, तो इससे चीन में हुए कोरोना विस्फोट की वास्तविक प्रकृति को समझने में दिक्कत होगी। जाहिर है, ऐसे में किसी नये वेरिएंट के रूप में दुनिया भर में कोरोना संक्रमण की नयी लहर फैल जाने की आशंका और मजबूत होती है। हालांकि इन सबके बावजूद भारत में अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एक तो यहां नये केसों की संख्या सबसे निचले स्तर पर है। दूसरे, देश में आबादी के बड़े हिस्से को टीका लग चुका है। साथ ही, यहां नैचरल इम्यूनिटी भी विकसित हो चुकी है। मगर फिर भी कोरोना का अब तक का अनुभव बताता है कि इस वायरस को किसी भी सूरत में हलके में नहीं लेना चाहिए। यह एक बार फैल गया तो न तो सख्त पाबंदियां लगाते बनता है और न ही रुख नरम करते। इसलिए सबसे अच्छा यही है कि जैसे भी हो इसे फैलने से ही रोका जाये।

**मंगलवार को चीनी सरकार ने कहा कि किसी मौत को कोविड-19 से हुई मौत माना जाये या नहीं, यह तय करने के आधारों में बदलाव किये गये हैं। इससे इन अटकलों को और बल मिला है कि चीन सरकार कोरोना से उपजे हालात और इससे होने वाली मौतों की वास्तविक संख्या छुपाना चाहती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अभी हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद पार्टी के लोकलुभावन वादों (300 यूनिट मासिक मुफ्त बिजली, 18-60 आयु वर्ष महिलाओं को 1500 रुपये/ महीने वित्तीय सहायता देने सहित) में से एक-अविवेकपूर्ण राजकोषीय पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाली की बात हो रही है। अप्रैल 2004 में जब इस व्यवस्था के स्थान पर नयी राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) को लागू किया गया था, तब इसके कई आर्थिक पहलू थे, जिन्हें कालांतर में कांग्रेस के दीर्घानुभवी नेता और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के साथ विघटित योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह आहलूवालिया ने भी समझा।**

# क्या पुरानी पेंशन योजना लागू करना आसान है

**बलबीर पुंज**

संसार में मुफ्त कुछ नहीं होता। यदि किसी को कुछ मुफ्त मिल रहा है, तो यकीन मानिए कि उसकी कीमत कोई दूसरा अदा कर रहा है। हाल ही में हमारे पड़ोसी देश-श्रीलंका के नागरिकों ने भारी कीमत चुकाकर इस कटु सत्य को समझा है। सस्ती लोकप्रियता और मुफ्तखोरी के नाम पर केवल वोट बटोरने के चक्कर में कुछ भारतीय राजनीतिक दलों ने भी यह खतरनाक खेल देश में शुरू कर दिया है। कोई आश्चर्य नहीं कि मतदाता का एक वर्ग भी जाने-अनजाने में इस वंचना का हिस्सा बन रहा है।

अभी हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद पार्टी के लोकलुभावन वादों (300 यूनिट मासिक मुफ्त बिजली, 18-60 आयु वर्ष महिलाओं को 1500 रुपये/ महीने वित्तीय सहायता देने सहित) में से एक-अविवेकपूर्ण राजकोषीय पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाली की बात हो रही है। अप्रैल 2004 में जब इस व्यवस्था के स्थान पर नयी राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) को लागू किया गया था, तब इसके कई आर्थिक पहलू थे, जिन्हें कालांतर में कांग्रेस के दीर्घानुभवी नेता और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के साथ विघटित योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह आहलूवालिया ने भी समझा।

ओपीएस के अंतर्गत सरकारें वर्ष 2004 से पहले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद एक निश्चित पेंशन देती थीं, जिसका अंशदान कर्मचारियों को नहीं देना पड़ता था। पेंशन के अतिरिक्त सेवामुक्ति के बाद उन्हें 20 लाख रुपये तक उपदान मिलता था। नयी पेंशन व्यवस्था में सरकारी कर्मचारियों को पंशन पाने के लिए अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते में से 10 प्रतिशत, तो नियोक्ता 14 प्रतिशत तक योगदान देने का प्रावधान है।

**सभी राज्य सरकारों पर मार्च 2021 तक लगभग 70 लाख करोड़ रुपये का ऋण है।**



**देश में राज्यों की वित्तीय स्थिति पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने इस वर्ष जुलाई में एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके अनुसार, सभी राज्य सरकारों पर मार्च 2021 तक लगभग 70 लाख करोड़ रुपये का ऋण है। इसमें सर्वाधिक तमिलनाडु सरकार पर (6.59 लाख करोड़ रुपये) है। बकौल आरबीआइ रिपोर्ट, देश के 19 राज्यों पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक कर्ज है।**

हिमाचल से पहले ओपीएस कांग्रेस अपने द्वारा शासित राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पहले ही लागू कर चुकी है। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार, जिसमें कांग्रेस सहयोगी है-उसने भी ओपीएस को बहाल किया है। राज्यों में सेवामुक्त सरकारी कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान अधिकांश अपने कर राजस्व से किया जाता है। राजस्थान के अपने कर राजस्व में पेंशन का हिस्सा पहले ही 28 गुणा से अधिक बढ़ चुका है। बात यदि पर्यटन पर निर्भर हिमाचल की करें, तो केंद्रीय अनुदान, केंद्रीय करों में हिस्सेदारी आदि के अतिरिक्त, बकौल राजकीय बजट-वित्त वर्ष 2021-22 में हिमाचल को अपने कर के रूप में 9,282 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, तो उसका पेंशन भुगतान 7,082 करोड़ रुपये था। सोचिए, जब हिमाचल में ओपीएस लागू होगा, तब क्या होगा?

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, लाभार्थियों के बिना किसी योगदान वाला ओपीएस अपनाने से हिमाचल प्रदेश के अपने कर राजस्व पर पेंशन व्यय 450 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 207 प्रतिशत, राजस्थान में 190 प्रतिशत, झारखंड में 217 प्रतिशत और पंजाब में 242 प्रतिशत बढ़ जायेगा। क्या ओपीएस लागू करना आसान है?

गत सप्ताह लोकसभा में ओपीएस पर पूछे गये प्रश्न का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ भागवत कराड ने कहा था, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड की सरकार ने पुरानी पेंशन योजना... ने नवीन पेंशन योजना के अंतर्गत कर्मचारियों और राज्य सरकार के अंशदान से पीएफआरडीए में जमा राशि को वापस लौटाने का प्रस्ताव दिया है। किंतु पीएफआरडीए ने बता दिया है कि संबंधित कानून-नियम में इस राशि को राज्य सरकारों को वापस लौटाने का कोई प्रावधान नहीं है। वर्तमान समय में एक करोड़ 54 लाख कार्मिक एनपीएस से जुड़े हैं, जिनके अंशदान में से 6 लाख करोड़ रुपये तीन प्रमुख संस्थानों- एलआइसी, यूटीआइ और एसबीआइ में निवेशित है।

ओपीएस पर पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार भी काम कर रही है। यह स्थिति तब है, जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसी वर्ष अगस्त में मोदी सरकार से 1 लाख करोड़ रुपये का पैकेज जारी करने का पुनः अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री मान ने यह मांग ऐसे समय की थी, जब उनकी आप सरकार पंजाब में प्रति माह 300 इकाई मुफ्त बिजली देने के चुनावी वादे का कार्यान्वयन कर रही थी। पंजाब की आर्थिकी अभी ऐसी है कि बकौल वित्तीय श्वेतपत्र, उसे कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ रहा है।

देश में राज्यों की वित्तीय स्थिति पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने इस वर्ष जुलाई में एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके अनुसार, सभी राज्य सरकारों पर मार्च 2021 तक लगभग 70 लाख करोड़ रुपये का ऋण है। इसमें सर्वाधिक तमिलनाडु सरकार पर (6.59 लाख करोड़ रुपये) है। बकौल आरबीआइ रिपोर्ट, देश के 19 राज्यों पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक कर्ज है। यही नहीं, आरबीआइ का कहना है कि राज्य सरकारें सब्सिडी के बजाय अब वस्तुओं-सेवाओं को निःशुल्क ही दे रही है, जिसमें मुफ्त पानी, मुफ्त बिजली, मुफ्त यात्रा और कर्ज-माफी आदि लोकलुभावन नीतियां शामिल हैं। आरबीआइ ने श्रीलंका के आर्थिक संकट का उदाहरण देते हुए राज्य सरकारों को कर्ज में स्थिरता लाने और संयम बरतने को कहा है।

क्या भारत में कुछ राज्यों की नियति श्रीलंका जैसी हो सकती है? इसका उत्तर वर्ष 2019 में एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा श्रीलंका को दी गयी उस चेतावनी में मिलता है, जिसमें बताया गया था कि अभूतपूर्व लोकलुभावन योजनाओं और करों में भारी कटौती से इस द्वीपीय देश का राष्ट्रीय खर्च उसकी राष्ट्रीय आय से अधिक हो गया, जिसने कालांतर में उसे एक घाटे वाली अर्थव्यवस्था में परिवर्तित कर दिया। इस पृष्ठभूमि में रही सही कसर श्रीलंका पर भारी-भरकम कर्ज (चीन सहित) ने पूरी कर दी। क्या वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मुफ्त की राजनीति में विश्वास रखने और ओपीएस समर्थक दलों में श्रीलंका के हश्र से सबक लेने की इच्छाशक्ति दिखती है?

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार, पूर्व राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय-उपाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# बंद कमरे में अंगीठी जलाने से पहले जरा सोच लीजिए



**हेम श्रीवास्तव**

मौसम जाड़ों का हो, तो आप घर के अंदर कोयले या लकड़ी जलाकर रहना पसंद करेंगे, परंतु ठहरिये, यही जरूरत है सावधानी की। अगर कमरे में रोशनदान नहीं है या खिड़कियां भी बंद हैं तब आप यदि जला रहे हैं क्योंकि आपको ठंड से बचना है, तब कुछ बिंदुओं पर विचार कर लीजिए। आप जानिये आग जब जलना शुरू होती है, उस समय कमरे में हवा भरी हुई होती है लेकिन थोड़ी देर जलने के बाद हवा कम होने लगती है, क्योंकि जलने में ऑक्सीजन खर्च हो रहा है, कुछ घंटों बाद ऑक्सीजन पूरी तरह से समाप्त हो जाता है और कार्बन डाइऑक्साइड की जगह कार्बन मोनोऑक्साइड बनने लगती है जो कि बड़ी जहरीली गैस है। उसके बाद आपके रक्त का हीमोग्लोबिन जो अब तक अपना कार्य सुचारू ढंग से कर रहा था, अब इसी कार्बन मोनोऑक्साइड को तेजी से खींच कर के शरीर में भर रहा होता है, क्योंकि इसका आकर्षण ऑक्सीजन के आकर्षण की तुलना में बहुत ज्यादा होता है। बहुत जल्दी ही आपके रक्त में कार्बन मोनोऑक्साइड की प्रतिशतता बढ़ जाती है और उसके बाद एक गहरी नींद आने लगती हैं, और यह विशेष है कि ऐसे में पता नहीं लगता है कि जहरीली गैस भर रही है और जान को खतरा है। मनुष्य को लगता है कि उसे गहरी नींद आ रही है और उसे सोना चाहिए, उसे जरा भी एहसास नहीं होता है कि वह मृत्यु के करीब जा रहा है इसलिए वह बचने का भी उपाय नहीं करता है। जाड़े आए और जगह-जगह से ऐसी खबरें आने लगी कि बंद कमरे में लोग अंगीठी जलाकर सो रहे थे तो दुर्घटना हो गई, सुबह नहीं उठ पाये ऐसी ही एक घटना में एक जनरेटर चल रहा था, इसका धुआं कमरे में आ रहा था और कमरे में सोए कई लोग अपने प्राणों से हाथ धो बैठे थे। रांची में भी ऐसी कई घटनायें पिछले साल देखी गई, इसलिए सावधान रहें जहां स्थान सीमित हो और किसी भी प्रकार की आग जल रही हो या पेट्रोलियम जल रहा हो या इंजन चल रहा हो वहां पर कभी भी खिड़कियां बंद नहीं होनी चाहिए। खिड़कियों को खुला रखें।

## डिमना चौक के पास सैलरी मांगने पर डिलीवरी ब्वॉय के साथ मारपीट, घायल, थाने में शिकायत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एमजीएम थाना क्षेत्र के डिमना चौक के पास एक डिलीवरी बॉय को मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल डिलीवरी ब्वॉय दानिश इकबाल आजाद नगर रोड नंबर 17 का रहने वाला है। उसने बताया कि उसे हर बार सैलरी लेट मिलती है। सोमवार को सैलरी मिल जानी चाहिए थी। सोमवार को सैलरी नहीं मिली तो पैसे का काम पड़ने पर वह गुरुवार को पैसे मांगने गया। वह सोनल महतो के अंडर में काम करता है। उसने सोनल महतो से पैसा मांगा, तो सोनल गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर 3 लड़कों को बुलाकर उसके साथ मारपीट की। दानिश इकबाल ने मामले की शिकायत एमजीएम थाने में कर दी है। दानिश इकबाल के सर में चोट लगी है। उसे इलाज के लिए पुलिस ने एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल चाकुलिया में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की मनायी गयी जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** चाकुलिया के शांति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलाकांत प्रमाणिक, आचार्य विकास महतो और तापस बेरा ने रामानुजम के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन भारत के महान गणितज्ञ थे। उन्होंने गणित विषय को सरल एवं रुचि कर बनाने के लिए अनेकों नियम भारत सहित विश्व को दिया, जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता है। गणित के क्षेत्र में उनकी खोज अतुलनीय है। प्रधानाचार्य ने श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



कार्यक्रम में वैदिक गणित से संबंधित क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें बालक वर्ग में सुमोना ग्रुप प्रथम, रीता ग्रुप द्वितीय और नरेंद्र ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही शिशु वर्ग में सुभदीप दास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में आचार्य गौरहरी दास, शांतनु घोष, विकास महतो, मनोज महतो, वंदना दास, धरित्री महतो, नमिता राउत, दिलीप महतो, हरिपद महतो समेत विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एडीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

# आयुष्मान भारत योजना से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को करें आच्छादित: नंदकिशोर लाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला स्वास्थ्य समिति की एक बैठक समाहरणालय सभागार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गुरुवार को आयोजित बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धावड़िया सहित सभी एमओआइसी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नवंबर माह के दौरान अस्पतालों में इलाज कराने आयी मरोजो का हिसाब लिया गया। साथ ही एमजीएम रेफर हुए मरीजों का समीक्षा की गई। साथ ही परिवार नियोजन, संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व जांच, प्रतिदिन का ओपीडी, कुपोषण उपचार, आयुष्मान भारत की समीक्षा की गई। मौके पर सिविल सर्जन ने बताया नवंबर माह में सदर अस्पताल तथा सभी प्रखंडों के सीएचसी के ओपीडी एवं आइपीडी में कुल 29102 मरीज इलाज कराने आये जिनमें सिर्फ 170 मरीज को एमजीएम में रेफर किया गया। मौके पर एडीएम नंद किशोर लाल ने कहा रेफर के मामलों में कमी आने से एमजीएम का भार कम होगा। साथ ही एमजीएम आने वाले गंभीर मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने में सहूलियत मिलेगी। उन्होने कहा प्रखंडों में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ रखने से लोगों को अनावश्यक छोटी समस्याओं के लिए शहर के निजी अस्पताल एवं एमजीएम तथा सदर अस्पताल नहीं आना पड़ेगा। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान उपलब्धि संतोषजनक नहीं पाई गई। उन्होंने सही समय पर लाभार्थी को प्रोत्साहन राशि के भुगतान का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव में मुसाबनी, पोटका, पटमदा एवं बहरागोड़ा में 80 फीसदी से कम उपलब्धि रही इसे शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करते हुए निरंतर लोगों के बीच संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूकता लाने तथा प्रसव पूर्व जांच को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला के कुल 5 कुपोषण उपचार केंद्रों में नवंबर माह में 81 कुपोषित बच्चों को भर्ती किया गया। जिनमें 51 को सफलतापूर्वक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बैठक में मलेरिया, टीबी उन्मूलन की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में जिले के सभी एमओआइसी, डीपीएम, डीपीसी, डीडीएम, डब्लूएचओ के प्रतिनिधि सहित सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।



# जमशेदपुर डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन की सभागार में जमशेदपुर डिस्ट्रीबयूटर्स एसोसिएशन के सदस्यों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। जिसमें मुख्य रूप से एसोसिएशन के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जायेगी। बैठक में चर्चा हुई कि जिन कंपनियों से सेटलमेंट में सदस्यों को परेशानी आ रही है उसके समाधान हके लिए प्रयास किया जायेगा। पारिवारिक मिलन समारोह आगामी जनवरी माह में किया जायेगा। वहीं ई-कॉमर्स कंपनी से व्यापार में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा जीएसटी सरलीकरण के लिए सरकार से पत्राचार किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक एवं 'कैट' के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथलिया, चेंबर के निवर्तमान महासचिव भरत वसानी, बाजार समिति के सत्यनारायण अग्रवाल (मुन्ना) ने अपने विचार रखे एवं सदस्यों का मार्ग दर्शन कर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य किया। एसोसिएशन के महासचिव दिलीप कुमार गोयल ने बैठक का संचालन किया। बैठक में उपाध्यझ जुगल किशोर माहेश्वरी, संयुक्त सचिव निलेश वोरा, कोषाध्यक्ष कमलेश सपानी, सह सचिव राजेश अग्रवाल, सरबजीत सिंह सोनी, कार्य कारिणी सदस्य संजय अग्रवाल (मानगो), कृष्ण कुमार बंसल, संदीप जैन, मोअशफाक उल्ला, सदस्य मनोज चेतानी, विनोद शर्मा, नरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# इंटर डिविजनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में खिलाड़ी हुए पुरस्कृत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में इंटर डिविजनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीते 20 दिसंबर से आयोजित प्रतियोगिता में 12 टीम के 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। गुरुवार को टाटा स्टील के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में इंटर डिविजनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप फ्लैट प्रोडक्ट टीम को विजेता टीम घोषित की गई। जबकि शेयर्ड सर्विसेज की टीम उपविजेता और ओएमक्यू डिवीजन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही शेयर्ड सर्विसेज के उज्जवल मिश्रा को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गुरुवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जमशेदपुर फुटबॉल क्लब के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफीसर विनायक चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभाकर राव उपस्थित हुए। अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रंका क्षेत्र में तेंदुआ का हमला जारी बछड़ा और बाछी को किया घायल



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के गासेदाग गांव में बीती रात्रि बुधवार को जटू सिंह के बछड़ा पर तेंदुआ ने झपटा मारा। जिससे बछड़ा का पुठा जख्मी हो गया है। बछड़ा रस्सी तोड़ कर भाग गया, तभी उसकी जान बच सकी। तेंदुआ को देखते ही कुत्ते भौंकने लगे और गाय-बैल चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर घर से लोग बाहर निकले और शोर मचायी तो तेंदुआ धीरे धीरे चलता बना। वहीं दूसरी ओर चिनियां प्रखंड अंतर्गत बेता पंचायत के ग्राम सिदे में बाछी पर हमला कर दिया। बाछी के गले पर काफी बड़ा जख्म हो गया है। जिसका इलाज किया जा रहा है। इन दिनों तेंदुआ को लेकर रंका अनुमंडल क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

### राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य कृतिबास महतो एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय उर्फ उत्तम पांडेय की अगुवाई में कला एवं संस्कृति विभाग के निर्देश पर विद्यालय के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण दूरदर्शन केंद्र पलामू मुख्यालय डालटनगंज तथा आकाशवाणी का भ्रमण के साथ-साथ बेतला राष्ट्रीय उद्यान तथा पलामू किला का भ्रमण बच्चों को कराया गया। वहीं बच्चों को मीडिया से संबंधित जानकारी दी गई। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम झारखंड शिक्षा परियोजना की देखरेख में संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में मीडिया के शिक्षक मुरारी चौधरी टूरिज्म के शिक्षक शशिकांत मेहता एवं विद्यालय के शिक्षक विकास कुमार सहित एक सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### अमहर खास पंचायत मुखिया ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** अमहर खास पंचायत के मुखिया ललित नारायण सिंह उर्फ ददन सिंह ने टेम्पू स्टैंड मेन रोड से मध्य विद्यालय विशुनपुरा तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर मुखिया ललित नारायण सिंह ने कहा कि यह सड़क 15वें वित्त आयोग की राशि लगभग दो लाख चालीस हजार रु. की लागत से निर्माण की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बारिस के दिनों में विद्यालय जाने में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब सड़क बन जाने से होने वाली परेशानी दूर हों जायेंगी। इस मौके पर भीम सिंह, अनिल सिंह, बसंत वियार, बिजय चौरशिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीइइओ ने प्रधानाध्यापकों को शनिवार तक विद्यार्थियों के बीच सामग्री वितरण के दिये निर्देश



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बीईईओ विजय कुमार पांडे ने प्रखण्ड के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को आगामी शनिवार तक पोशाक वितरण करने,विद्यालय विकास अनुदान की राशि खर्च करने एवं ई कल्याण पोर्टल पर छात्रवृत्ति फॉर्म भरने का निर्देश दिया,अन्यथा की स्थिति में विभागीय कारवाई करने की बात कही। बीईईओ ने बताया कि कई विद्यालयों द्वारा कक्षा एक एवं दो के छात्रों का पोशाक वितरण नहीं किया गया है,जो कि खेद का विषय है।सर्दी को देखते हुए उन्होंने एचएम को सारी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए पोशाक का क्रय कर छात्रों के बीच बांटने का निर्देश दिया।उन्होंने सभी एचएम को सभी छात्रों का प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप ईकल्याण पोर्टल पर अपलोड करने एवं विद्यालय विकास अनुदान की राशि एसएमसी की बैठक करके शनिवार तक खर्च कर सम्बन्धित प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया।साथ ही बताया कि उक्त कार्य मे लापरवाही बरतने वाले विद्यालय प्रभारी के खिलाफ विभगीय कार्रवाई की जाएगी।

**प्रेस कांफ्रेंस : 140 करोड़ की लागत से बनेगा डबल लेन मेराल-बाना-डंडई-अंबाखोरेया पथ**

# 2024 तक गढ़वा की सभी सड़कें बनेंगी बेहतर : मंत्री

**छत्तीसगढ़ व पर्यटन स्थल सुखलदरी की दूरी होगी काफी कम,जर्जर सड़क से मिलेगी मुक्ति**

**निविदा का हुआ निष्पादन, शीघ्र प्रारंभ होगा कार्य**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले का अति महत्वपूर्ण मेराल -बाना-अंबाखोरेया पथ का निर्माण करीब 140 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस पथ के निर्माण से छत्तीसगढ़ एवं जिले के धुरकी प्रखंड स्थित सुखलदरी पर्यटन स्थल की दूरी काफी कम हो जाएगी। इसके निविदा निष्पादन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि एनएच 75 मेराल से भागोडीह, बाना, हसनदाग, डंडई, कदवा होते हुए अंबाखोरेया तक करीब 37 किलोमीटर इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल सिंगल लेन होने, अत्यधिक ट्रैफिक एवं काफी जर्जर होने की वजह से इस सड़क पर आये दिन दुर्घटना होते रहती है। जिससे जानमाल का अधिक नुकसान होता है। करीब 140 करोड़ रुपये की लागत से पथ निर्माण विभाग की ओर से सात मीटर चौड़ी इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे सुगमता पूर्वक आवागमन होगा एवं जान माल के नुकसान का भी खतरा कम होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह सड़क गढ़वा अनुमंडल से श्री बंशीधर नगर अनुमंडल को जोड़ेगी। इस सड़क से कई सुदूरवर्ती गांव एवं प्रखंड जुड़ेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ जाने के लिए प्रस्तावित बालचौरा पुल होते हुए छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला को यह सड़क जोड़ेगी। जो भविष्य में एक कॉरिडोर के रूप में छत्तीसगढ़ की दूरी कम करने के रूप में उपयोगी होगी। यह सड़क आदिवासी बहुल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से होकर गुजरती है। इससे नक्सल समस्या से निजात दिलाने में भी सहायता मिलेगी। इस सड़क के निर्माण से बहुत बड़ी आबादी लाभान्वित होगी। साथ ही पर्यटकों को भी आवागमन की बेहतर सुविधा प्रदान होगी। निविदा के सभी अवरोधों को दूर करते हुए निष्पादन कर दिया गया है। लोगों को जल्द ही जर्जर सड़क से मुक्ति मिलेगी। मेराल एवं डंडई प्रखंड के लोगों के लिए यह नया साल का बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2024 तक गढ़वा की सभी ग्रामीण एवं अन्य पीडब्ल्यूडी सड़कों का बेहतर निर्माण कराया जा सके इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। गढ़वा के सभी ग्रामीण एवं अन्य सड़कों को सूचीबद्ध कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। अब गढ़वा की स्थिति काफी तेजी से बदल रही है। यहां हर रोज विकास का नया आयाम गढ़ा जा रहा है।

## शैलेंद्र पाठक बने झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन महासचिव

**झारखंड साईकिलिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से कराया गया चुनाव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के चिनिया रोड स्थित रॉयल पद्मावती होटल में आज झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा चुनाव का आयोजन किया गया। वार्षिक आम सभा चुनाव के बैठक में मुख्य एजेंडा पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन का पिछले वर्ष वार्षिक बैठक का विवरण का पुष्टिकरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 का कैलेंडर प्रतियोगिता की तिथि एवं आयोजन स्थल का निर्णय लिया गया। एससीसी स्टेट कमिश्नरी कोर्स का आयोजन हेतु तिथि का निर्धारण एवं स्थल का चयन करने पर विचार किया गया। खेलो इंडिया महिला ट्रेक साइकलिंग लीग प्रतियोगिता का आयोजन कराना। जो वर्ष 2022 में झारखंड में प्रस्तावित है खेलो इंडिया लीग 1 के तहत महिला रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराने के लिए जो फरवरी 2022 में झारखंड में प्रस्तावित है। उस विषय पर भी विचार किया गया जबकि प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तावित झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन सत्र 2023-27 तक कार्यकारिणी समिति सदस्यों का चुनाव किया गया।

वार्षिक आम सभा की बैठक में झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन के चुनाव में सब की सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष मधुकांत पाठक, वरीय उपाध्यक्ष संदीप खन्ना, महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक, संयुक्त सचिव विनय विभाकर, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश गुप्ता आदि कुल 21 सदस्यों का चयन किया गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का जन्मदिन गणित दिवस के रूप में मनाया गया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाऊनशिप में महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन के जन्मदिन को गणित दिवस के रूप में मनाया गया। कार्य्रकम की शुरुआत सिंदुरिया मुखिया नन्दलाल पाठक व प्राचार्य ब्रजेश सिंह ने गणितज्ञ रामानुजम के चित्र पर माल्यर्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की। छात्र फूड स्टॉल लगाकर वास्तविक जीवन में गणित की महत्ता से रूबरू हुए। प्रदर्शनी में लगे कुल 28 फूड स्टाल में कक्षा पांचवी से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने उक्त कार्यक्रम का महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गणित के प्रति रुझान बढ़ाने व छात्रों के मन मष्तिष्क से गणित का भय दूर करने के लिए फूड स्टॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। छात्र फूड स्टॉल पर सामग्री की क्रय विक्रय व उससे होने वाले लाभ हानि से परिचित होते हुए वास्तविक जीवन का अनपभव करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंदुरिया मुखिया नन्द लाल पाठक सहित अन्य अतिथियों ने सभी फूड स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से विद्यालय के अध्यक्ष श्री शंकर सुवन श्रीवास्तव, सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, अभिभावक प्रतिनिधि बालेश्वर बैठा, सदस्या माया दास, शांति कुमारी, सभी आचार्य, दीदी जी सहित सभी कर्मचारी बंधु भागनी मौजूद थे।

**कार्यक्रम : जीएन कान्वेंट स्कूल में गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिन पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन**

# मन से गणित के डर को दूर करना ही गणित दिवस का प्रमुख उद्देश्य : एमपी केसरी

**विभिन्न प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जी.एन. कान्वेंट (+2) स्कूल में विश्व के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिन 22 दिसंबर के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं प्राचार्य बसंत कुमार ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात रामानुजन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि देश में कई महान गणितज्ञ पैदा हुए लेकिन रामानुजन को आर्यभट के बाद सबसे महान गणितज्ञ माना जाता है। उन्होंने खुद से गणित का अध्ययन किया और अंत में गणित का जादूगर बन गए। यही कारण है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने उनकी 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गणित दिवस मनाने की घोषणा की। इसके बाद से हर वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। छात्र-छात्राओं से अपेक्षा है कि इनके जीवन से प्रेरणा लेकर गणित के क्षेत्र में कैरियर बनाकर देश के विकास में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें। रामानुजन ने ऐसे-ऐसे सूत्रों की खोज की जिनका प्रयोग आधुनिक युग में जटिल से जटिल गणनाओं की पहेली सुलझाने में किया जा रहा है। गणित से हमारा जीवन सुचारू रूप से संचालित होता है। गणित के क्षेत्र में उन्होंने जो योगदान दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता। गणित का प्रचार-प्रसार पूरी दुनिया में किया और तीन हजार से अधिक गणितीय प्रेमियों का संकलन किया। इन्हें आधुनिक काल के महान गणितज्ञों में गिना जाता है।

क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वर्ग अष्टम के आदित्य प्रकाश, मुस्कान कुमारी, आदर्श गुप्ता एवं अमृतेश कुमार द्वितीय स्थान पर वर्ग दशम के गणेश कुमार, निक्की सिंह, दीपक कुमार, शशीकांत यादव, जबकि तृतीय स्थान पर वर्ग नवम के रौनक कुमार, धैर्य केशरी, दिव्या दीप एवं तनु प्रिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्या दीप सोनी (वर्ग नवम) द्वितीय स्थान पर रौनक कुमार (वर्ग नवम) एवं तृतीय स्थान पर धैर्य केशरी (वर्ग नवम) रहे। सभी सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। गणितीय मॉडल प्रतियोगिता में वर्ग पंचम से रिमझिम कुमारी, प्रथम सृष्टि कुमारी, द्वितीय साक्षी गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। वर्ग छह से प्रथम शौर्य प्रकाश, द्वितीय भाष्कर तिवारी एवं तृतीय स्थान पर शिवांगी कुमारी रही। वर्ग सप्तम से प्रथम आयुष कश्यप, द्वितीय संध्या केशरी एवं तृतीय सोनाली केशरी रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दूबे, उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, संजीव कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दूबे, रिजवाना शाहिन, नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुषमा तिवारी, सुनीता कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सरहानीय रही।

## उग्रवादी संगठन टीपीसी ने पत्र भेज कथित ओझा को जान से मारने की दी धमकी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** थाना क्षेत्र के चना कला गांव निवासी शिवपति बैठा को टीपीसी पलामू ने डाकघर के माध्यम से पत्र जारी कर जान से मारने की धमकी दी है। टीपीसी ने डाकघर के माध्यम से शिवपति बैठा को पत्र में लिखा है कि तुम जो डुगडुगी बजाते हो बंद कर दो क्योंकि इससे आम लोग परेशान होते हैं। पैसा ही कमाना है तो अपनी बहन-बेटियों को वेश्यावृति कराओ। बंद नहीं करते हो तो चौराहों पर खड़ा करके मारेंगे। टीपीसी ने धमकी भरे पत्र में लिखा है कि अपने लड़के को पांच लाख रुपये के साथ जमा रखना। धमकी में यह भी लिखा है कि जिस तरह कांडी में घटना को अंजाम दिया उसी तरह तुझे भी चौराहे पर खड़ा करके गोली मारेंगे। जल्द ही तेरे गांव आ रहे हैं। धमकी भरे पत्र मिलने पर परिजनों के साथ-साथ गांववालों में भी दहशत व्याप्त है। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने स्थानीय थाना को सूचित कर छानबीन कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में रमना थाना प्रभारी कृष्णा कुमार कुशवाहा ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद जांच पड़ताल की जा रही है। जरूर कोई न कोई शरारती तत्व का कार्य हो सकता है। मामले को पूरी गहनतापूर्वक जांच की जा रही है।


**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी,हजारीबाग**
**जिला समाहरणालय, हजारीबाग - 825301**
*E-mail deo_hazaribagh@rediffmail.com*

**आवश्यक सूचना**

उपर्युक्त विषयक सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–1726 दिनांक–21.06.2022 के आलोक में माध्यमिक विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित वरीय वेतनमान में 12 वर्षों की अटूट सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति दी जानी है।

उक्त के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी राजकीयकृत, परियोजना एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हजारीबाग के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक को कार्यालय पत्रांक–2594 दिनांक– 05.12.2022 के द्वारा निदेशित किया गया था कि अपने विद्यालय के अहर्ताधारी कार्यरत सेवा निवृत/मृत शिक्षकों से संबंधित विहित प्रपत्रानुसार सूचना एक पक्ष के अन्दर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। परन्तु अबतक अधिकांश विद्यालयों से उक्त सूचना अप्राप्त है। निदेश दिया जाता है कि पूर्व में प्रकाशित प्रपत्र में वांछित सूचना एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अहर्ताधारी सेवा निवृत शिक्षक एवं मृत शिक्षक के आश्रित से भी अनुरोध है कि विहित प्रपत्रानुसार वांछित सूचना संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 285737 School Education and Literacy(22-23).D



**जिला खनन कार्यालय, चतरा।**
**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को चतरा जिला में अवस्थित बालूघाटो का संचालन हेतु तैयार Draft DSR (बालू खनिज) को जिले के बेवसाईट NIC Portal– htts://Chatra.nic.in पर 21 दिनों के लिए Public Viewing एवं Comments हेतु Upload किया गया है, जिसे निःशुल्क डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

इस संदर्भ में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा सुझाव देना हो, तो जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क स्थापित कर लिखित रूप में या कार्यालय ई–मेल dmo-chatra@jharkhandmail.gov.in पर आपत्ति अथवा सुझाव दिया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
चतरा।

PR 285662 Mines and Geology(22-23)D



**कार्यालय : जिला परिषद, रामगढ़**
**–: आम सूचना :–**

एत्त द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोला प्रखण्ड अन्तर्गत बनतारा मेला, गोला का वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए डाक द्वारा बंदोबस्ती किया जाना है। बनतारा मेला, गोला की बंदोबस्ती हेतु दिनांक 02.01.2023 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत बंदोबस्ती चयन समिति द्वारा खुली डाक के माध्यम से की जायेगी।

डाक में भाग लेने हेतु इच्छूक आवेदको को आवश्यक सुरक्षित जमा राशि का ड्राफ्ट मूल रूप में एवं सभी वांछित कागजात सहित आवेदन सीलबंद लिफाफे में दिनांक 02.01.2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त अवधि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट : बंदोबस्ती से संबंधित नियम व शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट : www.ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, रामगढ़।

PR 285711 District(22-23)D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 37/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 02.01.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.01.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.01.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ईचाक | ग्राम करमाटांड में डारी मांझी के घर से सिरकी नाला तक गार्डवाल निर्माण। | 1750000.00 | 5000.00 | 35000.00 | छः माह |
| | ईचाक | ग्राम करमटांड के प्राथमिक विद्यालय का चाहरदिवारी निर्माण। | | | | |
| | ईचाक | ग्राम करमटांड में सिकरी नाला पर पुलिया निर्माण। | | | | |
| | ईचाक | ग्राम करमटांड में सिकरी नाला से मध्य विद्यालय करमटांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | | | | |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 285747 District(22-23)D

## शहर के बड़ाइक मुहल्ले में युवक ने महिला को मारी गोली



**पिता के अवैध संबंध से आहत पुत्र ने चलायी गोली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शहर के बीचोबीच रिहायशी इलाके बड़ाईक मोहल्ला में शाम के चार बजे 52 वर्षीय बिमला देवी नामक एक महिला को एक युवक ने गोली मार दी। गोली महिला के घर में घुस कर मारी गयी। गोली चलाने के बाद वह युवक मौके से फरार हो गया। हालांकि गोली मारते हुए युवक को किसी ने नहीं देखा। लेकिन उक्त महिला का बेटा राहुल ने बताया कि उसने एक व्यक्ति को घर से निकल कर भागते हुए देखा है। महिला के बेटे ने बताया कि वह बगल में नहाने गया था। इसी बीच उसने गोली चलने की आवाज सुनी। वह घर की तरफ दौड़ा तो एक व्यक्ति को दौड़कर घर से बाहर निकलते देखा। वह व्यक्ति मोटरसाइकिल से आया था और उसी मोटरसाइकिल को स्टार्ट कर वहां से भागने में कामयाब रहा। आनन फानन में महिला को सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे फौरन रिम्स रेफर कर दिया। गोली चलने के बाद तरह-तरह की अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है। अगर कुछ करीबी लोगों की मानें तो उक्त महिला का सीटू सिंह नामक एक व्यक्ति से अवैध संबंध था। और इस अवैध संबंध को लेकर उस व्यक्ति का बेटा सतीश हमेशा विरोध किया करता था। बार-बार विरोध करने के बावजूद जब उसके पिता ने यह संबंध नहीं तोड़ा तो कई बार उस व्यक्ति ने उस महिला के घर जाकर झगड़ा झंझट गाली गलौज भी की थी। फिर भी जब कोई नतीजा नहीं निकला तो ऐसा माना जा रहा है कि सतीश ने ही उक्त महिला को गोली मार दी। हालांकि इस मामले की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है फिर भी मामले पर पुलिस तहकीकात कर रही है। यह भी बताया जा रहा है कि महिला हड़िया दारु बेचती थी। उसके यहां कई तरह के लोगों का आना-जाना भी था। फिलहाल महिला को रांची रेफर किया गया है। गुरुवार की शाम सात बजे तक महिला की स्थिति गंभीर थी। शाम आठ बजे के बाद से उसकी हालत में सुधार होने की सूचना मिली थी।

## पुलिस महानिरीक्षक पंकज कंबोज ने एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, रांची के पुलिस महानिरीक्षक पंकज कंबोज ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गुमला का निरीक्षण किया। पुलिस महानिरीक्षक ने इस भौतिक निरीक्षण में कई प्रकार के निर्देश दिए। उनके आगमन पर गुमला पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारीब द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसका समादेशन सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार द्वारा किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा क्राइम से सम्बन्धित मामलों पर विशेष रूप से सूक्ष्म निरीक्षण किया गया एवं कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं दिशा निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिये। इस क्रम में उनके द्वारा कंपोजिट कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त, पुलिस उपाधीक्षक (अभियान), एसडीपीओ गुमला, एसडीपीओ बसिया, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) एवं सभी अंचल के इंस्पेक्टर, टाउन थाना प्रभारी, सार्जेंट मेजर, सार्जेंट आदि उपस्थित थे।

## सिसई प्रखंड कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भारत जोड़ो यात्रा के तहत गुरुवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बैबुल अंसारी के नेतृत्व में टाना भगत भवन से यात्रा निकाली गयी। यात्रा का शुभारंभ पुराने प्रखंड कार्यालय स्थित भगवान बिरसा मुंडा व नये कार्यालय भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत ने कहा कि आज केंद्र की भाजपा सरकार देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। बेरोजगारी महंगाई की समस्या से देश की जनता जूझ रही है। जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा भाजपा सरकार में महंगाई इतना बढ़ गयी है कि गरीबों को घर चलाना मुश्किल हो गया है। बेरोजगारी के कारण युवा आत्महत्या कर रहे हैं। मौके पर प्रदेश सचिव अकील रहमान, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी, महिला अध्यक्ष अमृता भगत, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष लोहरा उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि संगीता जायसवाल, रामनिवास प्रसाद, प्रमुख मीना देवी, उप प्रमुख नीलेश उरांव, भरनो अध्यक्ष अशीष नाथ शाहदेव, पूर्व अध्यक्ष गंगा उरांव, युवा अध्यक्ष मनीष तिर्की, मंडल अध्यक्ष बिहारी उरांव, जितेंद्र लोहरा, रजब अंसारी, अरविंद साहू, सुभाष उरांव, ज्योति लकड़ा, मोख्तार आलम, लालमोहन साहू, करीम अंसारी, जीता भगत, रतिलाल उरांव, पतरस होरो, मंजू देवी, सफीक अंसारी, मंगनु महली, प्रेमचंद लकड़ा, अनिल पंडा, बसंत उरांव, तरुण गोप, देवा साहू सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

**कार्रवाई : सरकारी दीवार पर लिखवाया विज्ञापन, नगर परिषद ने लगाया पांच हजार रुपये का जुर्माना**

# जनता बोरवेल का लाइसेंस रद्द कर व्यवसाय करने पर लगाया प्रतिबंध

**बिना कार्यालय अनुमति के दीवार पर विज्ञापन लिखने को लेकर नगर परिषद की ओर से लगातार नोटिस और फाइन किया जा रहा है**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद ने सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति विज्ञापन लिखवाने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जनता बोरवेल पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए नगर परिषद से उसका लाइसेंस रद्द कर दिया है।

यह बता दें कि बिना कार्यालय अनुमति के दीवार पर विज्ञापन लिखने को लेकर नगर परिषद द्वारा लगातार नोटिस और फाइन किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग नियमित रूप से उन आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं।

इस पर कार्रवाई करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी ने जनता बोरवेल पर न केवल 5000 का जुर्माना लगाया, बल्कि उसका लाइसेंस भी रद्द कर दिया है। जनता बोरवेल्स नाम के इस संस्थान ने सर्किट हाउस रोड के कोने पर सार्वजनिक दीवार पर बाकायदा अपना विज्ञापन पेंट कर दिया था।

लिखित आदेश देने के बाद भी जनता बोरवेल के संचालक ने न ही विज्ञापन हटाया और न ही कोई कारण प्रस्तुत किया। इस पर कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने अपनी निगरानी में उक्त विज्ञापन को पेंट करवा कर हटवा दिया। साथ ही 5000 का अर्थदंड लगाते हुये उसका लाइसेंस भी रद्द कर दिया। अर्थात जनता बोरवेल को जो नगर परिषद से बोरवेल करने के लिए अनुमति मिली हुई थी उसे वापस लेते हुए बोरवेल संबंधित व्यवसाय करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अभी हाल ही में शहर के प्रख्यात प्रतिष्ठान गुमला टेक्सटाइल पर भी बिना अनुमति विज्ञापन प्रसारित करने पर 48000 रुपए का जुर्माना लगाया है।

## मदद के लिए दर-दर भटक रही है बुजुर्ग महिला

**ट्रैक्टर के धक्के से शरीर से अलग हो चुका है बुर्जुग महिला के इकलौते पुत्र का एक हाथ**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला प्रखंड अंतर्गत बृंदा नायक टोली गांव की बुजुर्ग महिला तीन माह से सहयोग के लिए दर दर की ठोकरें खा रही है। बेटे और खुद अपने इलाज में सहयोग की गुहार लगा रही है। बुजुर्ग महिला सोमारी देवी की उम्र लगभग 55 वर्ष है। वह अपने स्व. पति नाटे उरांव की निशानी अपने मजदूर बेटे राम प्रसाद उरांव के इलाज के लिए कई दरवाजे खटखटा रही है। लगभग तीन माह से सहयोग की गुहार लगा रही है। बता दें कि बुजुर्ग महिला का बेटा राम प्रसाद उरांव को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया था। इस घटना में युवक का एक हाथ पूरी तरह से अलग हो गया था। ट्रैक्टर मालिक ने आश्वासन दिया था कि इलाज में सारा खर्च उठायेंगे। लेकिन वह अब ऐसा नहीं कर रहा है। बुजुर्ग महिला की मानें तो ट्रैक्टर मालिक ऊरमी गांव का है। बुजुर्ग महिला के बेटे राम प्रसाद के तीन बेटी व एक बेटा हैं और राम प्रसाद ही घर का एकलौता बेटा है। एक हाथ नहीं होने के कारण कोई काम भी नहीं कर सकता है तथा अब तक भी घाव ठीक नहीं हुआ है। यह मामला सार्वजनिक तब हुआ जब यह बुजुर्ग महिला मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान को ढूंढती हुई आयी। बुजुर्ग महिला ने गुमला ब्लॉक के पास आकर एक कर्मचारी से मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान के पास जाने की इच्छा जाहिर की। कर्मचारी ने फोन कर जुमन खान को इसकी सूचना दी। जुमन खान फौरन बुजुर्ग की सहायता करने पहुंचे और उपायुक्त कार्यालय के समक्ष बुजुर्ग महिला से मिलकर उसकी दर्द भरी दास्तां सुनी। बुर्जुग महिला ने मजदूर नेता से मिल कर अपनी आपबीती बयान की। वहीं कहा कि जनप्रतिनिधियों और कई समाजिक, राज्यनीतिक नेताओं से सहयोग की गुहार लगा चुकी है, पर किसी ने सहयोग नहीं किया। सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने इस संबंध में तुरंत पहल कर बुजुर्ग महिला व बेटे का इलाज कराने का निर्णय लिया है।

## कोरोना के नये वेरिएंट से लड़ने के लिए शैल मिश्रा ने की सतर्क रहने की अपील



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वार्ड सं. 21 की पार्षद सह भाजपा नेत्री शैल मिश्रा ने कोरोना के नये वेरिएंट के प्रति नगर की जनता को सतर्कता बरतने की नसीहत दी है। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा जारी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की तथा सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनने तथा सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने की अपील की है। उन्होंने कम उम्र स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष चिंता जाहिर करते हुए बच्चों के प्रति खास एहतियात बरतने की जरूरत भी जाहिर की है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी काफी लोग कोविड वैक्सीनेशन का बूस्टर डोज नहीं ले पाये, उन्हें शीघ्र ये डोज ले लेना चाहिए।

## सरस्वती विद्या मंदिर में गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनायी गयी

**छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में गुरुवार को श्रीनिवास रामानुजन जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर रंगोली, गणितीय प्रदर्श, वाद विवाद, गणितीय पहाड़ा, भाषण तथा चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शिशु वर्ग के भैया बहनों द्वारा बनाई गई गणितीय आधारित रंगोली काफी आकर्षक थी। भाषण प्रतियोगिता में किशोर वर्ग से कक्षा नवम की छात्रा श्रुति कुमारी तथा बाल वर्ग से कक्षा 6 की छात्रा अन्या जायसवाल प्रथम स्थान पर रही। पहाड़ा प्रतियोगिता में कक्षा चतुर्थ से ओमकार कवि प्रथम, रिया कुमारी द्वितीय तथा प्रीति कुमारी तृतीय स्थान पर रही। गणितीय रंगोली में सिद्धि कुमारी प्रथम, दिव्या बिलॉन्ग द्वितीय, दीपशिखा कुमारी तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता से आशीष कुमार साहू बाल वर्ग से प्रथम तथा निशा असुर किशोर वर्ग से प्रथम स्थान पर रही। गणित मेला में गणित के प्रयोगों से संबंधित एक से बढ़कर एक प्रदर्श प्रस्तुत किए गए। प्रबंध कारिणी समिति के कोषाध्यक्ष राम किशोर रजक गणित मेला में शिरकत की तथा भैया बहनों से गणित से संबंधित कई जानकारियां प्राप्त की। वैदिक गणित के क्षेत्रीय प्रमुख अजीत कुमार झा, विभाग प्रमुख अनुज कुमार, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, वरिष्ठ आचार्य योगेंद्र कुमार तथा गणित के आचार्य सुदर्शन शर्मा ने संयुक्त रूप से रामानुजन के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रिय प्रमुख अजीत कुमार झा ने भैया बहनों से रामानुजन से गणितीय प्रेरणा लेने की सलाह दी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि गणित को हम लोग एक कठिन विषय मानते हैं परंतु यह बहुत ही आसान और रोचक विषय है। उन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को वैदिक गणित सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एकादश की बहन तनुप्रिया और रिमझिम गुप्ता द्वारा किया गया। कक्षा नवम की बहन श्रुति कुमारी तथा कक्षा षष्ठ की अन्या जायसवाल ने रामानुजन के जीवन से जुड़ी कई रोचक तथ्य प्रस्तुत किए। अचार्य सुदर्शन शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन किया।

**बैठक : टाना भगत विकास प्राधिकार की कार्यकारी समिति की बैठक में उपायुक्त ने कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की दी सलाह, कहा**

# 25 वर्ष से ऊपर के 1800 टाना भगतों के प्राप्त अकाउंट में 4000 रुपये की राशि भेजी जायेगी

**टाना भगत के किसानों ने उपायुक्त को ट्रैक्टर एवं अन्य उपकरणों के लिए किया धन्यवाद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरुवार को टाना भगत समुदाय के लिए प्राप्त सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन के संबंध में टाना भगत विकास प्राधिकार की कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई।

समाहरणालय सभाकक्ष में हुई बैठक में टाना भगत समुदाय के विकास के लिए कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा टाना भगत समुदाय को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से उपायुक्त ने अवगत करवाते हुए उन्हें योजना से जुड़ने की सलाह दी।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक लगभग 250 टाना भगत समुदाय को जोड़ा जा चुका है। वहीं कौशल विकास के क्षेत्र में भी टाना भगत समुदाय के परिवार के बच्चों को कल्याण गुरुकुल से ट्रेनिंग देते हुए उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। टाना भगत के लगभग 220 से अधिक किसानों के बीच सिंचाई के लिए पंप सेट का वितरण किया गया है। व्यावस्यीक दृष्टिकोण से टाना भगत किसानों को अदरक, मशरूम, मिर्च, ओल, सरसो आदि की खेती के लिए प्रशिक्षण एवं बीज वितरण किया गया है। वहीं समुदाय के लोगों के लिए सामुदायिक भवन का भी निर्माण किया जा रहा है।

जिले के लगभग 360 से अधिक टाना भगतों के परिवार को पेंशन आदि योजना से जोड़ा गया है। 25 वर्ष से ऊपर के 1800 टाना भगतों के प्राप्त अकाउंट में 4000 रुपए की राशि कुछ दिनों में भेजी जाएगी। टाना भगतों के लगभग 450 से अधिक महिलाओं को 23 महिला समूह से जोड़ कर जेएसएलपीएस के मध्यम से रोजगार से जोड़ा गया है।

उपायुक्त ने टाना भगत समुदाय से रबी की खेती में किए जाने वाले फसल उत्पादन के संबंध में विशेष रूप से चर्चा करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया। हॉर्टिकल्चर की ओर से टमाटर तथा मिर्च के बागवानी के लिए बीज वितरण करने के साथ साथ पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें किसानों को बीज बोने से लेकर उत्पादन के अंतिम पड़ाव तक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कृषि विभाग की ओर से चने के बीज का वितरण किया जा रहा है साथ ही अच्छे फसल उत्पादन के लिए 'जैविक बीज उपचार' भी प्रदान किए गए है। सरसो के बीज का भी वितरण पूर्व में किया जा चुका है ।

बैठक में टाना भगत समुदाय के लोगों ने खेती के लिए पूर्व में सरकार द्वारा दिए गए ट्रैक्टर , मिनी ट्रेक्टर, पंप सेट, रोटा वेटर आदि के लिए धन्यवाद किया। टाना भगत किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा प्राप्त हुए इन सभी उपकरणों की सहायता से उन्हें खेती करने में सहायता हुई। पहले से अधिक उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई। उपायुक्त ने सभी किसानों से उनकी राय मांगी तथा भविष्य में और भी सहायता प्रदान किए जाने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक टाना भगत किसान उन्नत किसान की श्रेणी में आ सके इसी लक्ष्य के आधार पर कार्य करें।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त , अपर समाहर्ता , सहायक समाहर्ता , जिला कृषि पदाधिकारी , सिविल सर्जन , हॉर्टिकल्चर पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी / अंचल अधिकारी , टाना भगत समुदाय के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन




**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुवार को कोनबीर के मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता एवं स्कूल के प्रिंसिपल अल्बिनुस तिग्गा द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। क्रिसमस गैदरिंग के कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक ग्रुप डांस, रीमिक्स हिंदी डांस एवं शिक्षकों ओर छात्रों द्वारा सिंगिंग किया गया। प्रखंड के ममरला के तीनों स्कूलों, दलमादी चर्च में भी धूमधाम से क्रिसमस मनाया गया। इस अवसर पर बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, कामडारा सीओ दीप्ती प्रियंका कुजूर, प्रिंसिपल अल्बिनुस तिग्गा, वाइस प्रिंसिपल जेवियर टेटे, ब्रदर अमर कंडुलना, शिक्षक देवनारायण महतो, सेलसियस जोजो, राजेश बारला, श्यामला टोप्पो, आनंद संजय बाड़ा, रुस्तम तिर्की समेत शिक्षकगण, अभिभावकगण स्टूडेंट उपस्थित थे।

### पुलिस ने एके-56 हथियार बरामदगी मामले के अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपकाया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा व बिशुनपुर थाना की पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में बिशनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी स्थित रामदेव उरांव और रोपाकोना गांव के अरविंद उरांव के घर में इश्तेहार चिपकाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि एके-56 हथियार बरामदगी मामले के अभियुक्त रामदेव और अरविंद के घर में इश्तेहार चिपकाया गया है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि अगर दोनों न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो फिर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### चेगरी गांव में सरना संचालन समिति ने किया पौष जतरा का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पौष जतरा के अवसर पर सरना संचालन समिति द्वारा चेगरी गांव में जतरा का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बिशुनपुर विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि शिवराम कच्छप, देवेंद तिकी, विशिष्ट अतिथि संजीव उरांव, कांग्रेस बिशुनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी, समाजसेवी अशोक उरांव ने जतरा का उद्घाटन किया। मौके पर शिवराम कच्छप ने कहा कि आदिवासी समाज के जतरा का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसे हमें बचा के रखना है। यही ढोल-नगाड़ा, अखाड़ा, नृत्य-संगीत अखाड़ा से ही हमारी पहचान है। इन्हें बचाने के लिए आदिवासियों को जतरा के माध्यम से एकजुट होना होगा। विशेष अतिथि संजीव उरांव ने कहा कि जतरा पूर्वजों की धरोहर है। इसलिए आने वाली पीढ़ी को हमेशा इसे संगठित होकर बरकरार रखना है। जतरा में दो दर्जन गांवों से खोड़हा दल अपने नृत्यमंडली के साथ भारी संख्या सम्मिलित हुए। मौके पर मुख्य रूप से एसआई राहुल कुमार, झिडवा पहान, धर्मदास उरांव, सतेंद्र उरांव, कामख्या भगत, देवानंद कुजूर, बलि भगत, राजेश भगत, पहन-पुजार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### चैनपुर में बड़े भाई ने छोटे भाई की कुल्हाड़ी से मारकर की हत्या, गिरफ्तार

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केडेंग भंडारटोली में सहोदर भाई ने कुल्हाड़ी से अपने ही छोटे भाई की निर्मम हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिकुल गोप (34), पिता कलुआ गोप, ग्राम केडेंग, भंडार टोली ने अपने छोटे भाई सतीश गुप्ता (19) जो कि सोमवार की रात्रि लगभग 10.00 बजे घर के बाहर आग ताप रहा था तभी अचानक पीछे से आकर सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन-फानन में ग्रामीणों के सहयोग से उसे गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में ही बुधवार की रात लगभग 12:00 बजे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी जब चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह को हुई तो वह अपने दल बल के साथ केडेंग पहुंच कर अभियुक्त को तलाश करते हुए दूसरे के घर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों भाइयों के बीच हमेशा किसी न किसी बात को लेकर गाली गलौज और मारपीट होते रहता था।

### साइट इंजीनियर चूड़ामणि साहू का शव घर पहुंचने पर पूरे गांव में छाया मातम



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अम्बवा गांव निवासी चूड़ामणि साहू साइट इंजीनियर का शव बीते बुधवार की रात साढ़े आठ बजे जैसे ही उसका पैतृक गांव अम्बवा पहुंचा परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। इस घटना के बाद पूरा अम्बवा गांव सदमे में डूब गया। वहीं गुरुवार को उसके शव का विधिवत अंतिम संस्कार अम्बवा गांव में किया गया। गौरतलब हो कि चूड़ामणि साहू की मौत एक दिन पूर्व रांची कांटाटोली चौक के पास बन रहे फ्लाई ओभर में चामुंडा नामक कंपनी में साइट इंजीनियर पद पर नौ महीने से कार्यरत था। कार्य के दौरान ही उसके ऊपर हाईड्रा लिफ्ट गिरने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। जिसका शव का पोस्टमार्टम कराकर बुधवार की रात्रि कंपनी वालों द्वारा उसका पैतृक घर अम्बवा पहुंचाया गया। मृतक चूड़ामणि साहू अपने पिता परमेश्वर साहू का सबसे बड़ा बेटा था। दूसरा बेटा लालमोहन कुमार साहू एसएस प्लस टू हाई स्कूल ओरमांझी में कॉन्ट्रैक्ट शिक्षक है। छोटा भाई गजेंद्र कुमार साहू अभी पढ़ाई कर रहा है। घर में माता-पिता और एक भाई रहते हैं। मां की दिमागी हालत भी ठीक नहीं रहती। परमेश्वर साहू 2002 में गंगानगर राजस्थान से आर्मी से सेवानिवृत्त होकर अपनी गृहस्थी संभालने में लग गए।

### सिसई में गोली लगने से युवक की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र के पुसो निवासी सुरेश राम के घर में बचपन से रह रहे उसके भांजा कैलाश राम उर्फ गुड्डू (26) की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक कुडू थाना क्षेत्र के चांपी गांव का रहने वाला था। मां-बाप के नहीं रहने पर वह बचपन से ही अपने मामा सुरेश राम के घर में रहता था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व पुसो पुलिस घायल को लेकर तत्काल रेफरल अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, सिसई थाना एस आई इंद्रजीत कुमार, प्रदीप कुमार, मनोज सोरेन सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे। इसी बीच पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता मृतक के एक अन्य मामा विजय राम को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां विजय ने अपने हाथ से गलती से गोली चलने की बात स्वीकार की। जिसके बाद विजय राम को पुलिस अपने हिरासत में लेकर थाना ले गई।

# सड़क निर्माण का किया जायेगा प्रयास : डीसी

जयकान्त शुक्ला

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे गुरुवार को पलामू के सुदूरवर्ती प्रखंड नौडीहा बाजार के करकट्टा पंचायत अंतर्गत हजारों फिट ऊपर करमा पाल्हे पहाड़ पर बसे पाल्हे,तुरकुन व करमा गांव पहुंचे।यहाँ वे कई सालों से पहाड़ पर निवास कर रहे आदिम जनजाति के लोगों संग संवाद कर उनकी जरूरतों व समस्याओं से अवगत हुए।इस



दौरान स्थनीय ग्रामीणों ने डीसी श्री दोड्डे के समक्ष पीएम आवास, अंबेडकर आवास, पानी, बिजली, पेंशन, शिक्षा, राशन, आंगनवाड़ी,सड़क, रोजगार आदि से संबंधित समस्याओं को रखा।इस दौरान उन्होंने कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया साथ ही बच्चों के बीच खिलौने व टॉफी का भी वितरण किया।

## ग्रामीणों ने डीसी से तालाब निर्माण व बंद पड़े स्कूल के दोबारा निर्माण करवाने की मांग की

पाल्हे गांव के ग्रामीणों ने डीसी से गांव में बंद स्कूल को फिर से खोलवाने की मांग की साथ ही तालाब निर्माण हेतु भी अनुरोध किया।ग्रामीणों से संवाद के पश्चात डीसी ने गीता कुमारी,रंजू देवी व कइल बैगा का ऑन स्पॉट पेंशन स्वीकृत किया साथ ही लोगों के बीच बढ़ती ठंड के मद्देनजर कंबल का भी वितरण किया। इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए डीसी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कई मांग किये गये हैं जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के मांग के अनुरूप शीघ्र ही तालाब निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी साथ ही शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर स्कूल का संचालन पुनः शुरू करवाया जाएगा।उन्होंने कहा कि यहां पहुंचने का रास्ता कठिन है,रास्ते को सुगम बनाने हेतु वन विभाग से समन्वय स्थापित कर सड़क निर्माण की दिशा में जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा साथ ही बच्चे कुपोषण का शिकार ना हो इसके लिए नया आंगनवाड़ी केंद्र का भी संचालन किया जाएगा।

# पलामू में निःशुल्क चल रही समृद्धि की पाठशाला बेमिसाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित मिशन समृद्धि संस्था का प्रयोग समृद्धि की पाठशाला वास्तव में बेमिसाल है।सात वर्षों से चल रहे यह पाठशाला संसाधन के अभाव में भी फल-फूल रहा है और अपने कार्यों से खुशबू फैला रहा है। इन्हें बैठने के लिए न तो बेंच-डेस्क है और न तो धूप-छांव और बरसात से बचने के लिए कोई शेड लगा है। फिर भी पांच साल से लेकर चौदह -पंद्रह साल के बच्चे इस पाठशाला में नैतिकता का पाठ पढ़ने आ रहें हैं। उन्हें यहां आना बहुत ही अच्छा लगता है। बच्चों की संख्या बढ़ते देख समृद्धि टीम का मनोबल और भी बढ़ जाता है। पूरी टीम की निः स्वार्थ सेवा सराहनीय और प्रेरणादाई है। इसमें अहिल्या गिरी, बैजन्ती गुप्ता, प्रो. वन्दना श्रीवास्तव, रंजीता कुमारी, वीणा गुप्ता, ऋषि कुमार इन सबों की निष्ठा पूर्वक सेवा समाज के लिए मिसाल है।

# एमकेडीएवी में श्री आनंद स्वामी ब्लॉक का उद्घाटन समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में नवनिर्मित भवन श्री आनंद स्वामी ब्लॉक का उद्घाटन डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के कोषाध्यक्ष नानक चंद जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के परिसर में पहुंचते ही नागपुरी नृत्य से स्वागत करते हुए एनसीसी कैडेट्स के साथ अन्य छात्र पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें उनके आसन तक ले गए। अतिथियों का स्वागत वेद मंत्रों के बीच तिलक लगाकर किया गया। तत्पश्चात नानक चंद जी के कर कमलों द्वारा श्री आनंद स्वामी ब्लॉक का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। मुख्य कार्यक्रम विद्यालय के मंच पर प्रसिद्ध गणितज्ञ एस रामानुजन के जन्मदिन पर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने कहा कि



हमारे आज के मुख्य अतिथि नानक चंद जी कोषाध्यक्ष डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली को अपने बीच पाकर हम सभी अभिभूत हैं। नानक चंद जी दिल्ली विश्वविद्यालय एवं रोहतक विश्वविद्यालय में प्राध्यापक पद पर कार्य करते हुए अनेक पत्रिकाओं का संपादन करते हैं। उन्होंने कहा कि नानक चंद जी आज चियांकी में एक जनसभा को संबोधित कर आदिवासी बंधुओं एवं ग्रामीण संस्कृति का परिचय प्राप्त करेंगे। आपके साथ फोटोग्राफर के रूप में मिल्कत सिंह पीजीटी आर्ट नई दिल्ली भी उपस्थित रहेंगे। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि आज जब मैं आपके बीच आया तो आपको देखकर मेरे भीतर का बच्चा जाग गया। उन्होंने कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि आपका बच्चा जो पाठ्यक्रम पढ़ रहा है वही पाठ्यक्रम बांग्लादेश की सीमा पर बैठा बच्चा या चेन्नई का बच्चा भी पढ रहा है। जब प्रतियोगी या बोर्ड परीक्षा का परिणाम आता है और आप उस पर गर्व करते हैं तो हम भी आपके बच्चों के परिणाम पर उतना ही गर्व करते हैं।

# बेरोजगारी दूर करने के लिए स्वरोजगार से जुड़ें युवा : फिरोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर(पलामू)।** नगर परिषद अंतर्गत मुख्य कस्बा रेहला के बिड़ला मोड़ के पास बुधवार को शमसाद मेकनिकल वर्कशॉप का उद्घाटन हुआ। वर्कशॉप का उद्घाटन युवा समाजसेवी सह पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान ने फीता काटकर किया। श्री खान ने कहा कि कोई भी सरकार सभी युवाओं को रोजगार नहीं दे सकती है। बेरोजगारी दूर करने हेतु युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ना होगा। उन्होंने



कहा कि गृह उद्योग,व्यवसाय सहित कई क्षेत्र युवाओं के लिए आज भी खुला हुआ है। जरूरत है अवसर का लाभ उठाने की। वर्कशॉप के प्रोपराइटर शमसाद आलम ने बताया कि इस वर्कशॉप में कई तकनीकी कार्य उचित कीमत पर होगा। मौके पर सलीमुदिन अंसारी, अकबर अंसारी,असगर अंसारी, मुख्तार अंसारी, अखलाक अहमद, गगन कुमार,राशिद आलम, विफन चंद्रवंशी,राजू राम, मनोहर पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

# संत मरियम स्कूल में रायफल शूटिंग और आर्चरी का हुआ उद्घाटन

**छात्रों को भिन्न-भिन्न खेलों में पारंगत करके उसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का है प्रयास : अविनाश देव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों में शुमार संत मरियम स्कूल पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को खेल के .क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में संत मरियम स्कूल के छात्रावास के प्रांगण में राइफल शूटिंग और आर्चरी का उद्घाटन गुरुवार को मुख्य अतिथि



डीएसपी सुरजीत कुमार, सार्जेंट मेजर मोमित अनीश कुजुर,सार्जेंट आकाश कुमार एवं स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि स्कूल में राइफल शूटिंग और आर्चरी को शामिल करने के बाद बच्चें इन दोनों कलाओं में भी निपुण हो सकते हैं । बदलते समय और परिवेश के अनुसार छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ ऐसे क्षेत्रों में सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि हमारे विद्यालय प्रबंधन द्वारा पलामू में पहली बार राइफल शूटिंग और आर्चरी को खेल के अनिवार्य हिस्से में जोड़ा गया है। भारत विश्व स्तर पर इन दोनों खेलों में ख्याति प्राप्त कर चुका है अब वक्त है पलामू को इसमें सह भागिता सुनिश्चित करने की। बदलते परिवेश के मद्देनजर समय की मांग है कि छात्र अब केवल पढ़ाई में ही नहीं बल्कि खेल के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक ऊंचाइयों को प्राप्त करें। हमारे विद्यालय प्रबंधन का यह प्रयास है कि हम अपने छात्रों को भिन्न-भिन्न खेलों में पारंगत करके उसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाए ताकि वह देश का नाम रोशन कर सकें। मौके पर आर्चरी और राइफल शूटिंग के शिक्षक सुमित कुमार, सुधांशु सर समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# जीसीपीए कॉलेज में गणित दिवस सह श्रीनिवास रामानुजन जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू) ।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा गुरुवार को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान गणितज्ञ रामानुजन के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर साथ ही प्रभारी प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक, शिक्षक प्रतिनिधि, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पहले महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवनी पर बनी फिल्म को दिखाया गया। जिससे कॉलेज के सभी कर्मचारियों एवं छात्रों ने शांतिपूर्ण



तरीके से देखा। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने भारतीय गणित की उत्कृष्ट विरासत एवं प्राचीन गणितज्ञों के योगदान को रेखांकित करते हुए इसकी आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गणित का मानवता के विकास में बड़ा महत्व है। इस महत्व के प्रति लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना ही राष्ट्रीय गणित दिवस का मुख्य उद्देश्य है। प्रो. अमित कुमार सिंह ने छात्रों को राष्ट्रीय गणित दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के अवसर पर उनके गणित के क्षेत्र में असाधारण योगदान के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने की। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजमोहन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रानी कुमारी ने की। मौके पर प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, प्रो. राजकिशोर लाल, प्रो. राजमोहन, प्रो. अशोक कुमार अग्रवाल, प्रो. अपराजिता प्रकाश, प्रो.इंदु कुमारी, प्रो. इंदु देवी, प्रो. सूर्योदय कुमार, प्रो. सुनीता कुजूर, प्रो. जैलेश , प्रो. रानी कुमारी, प्रो. रोहित कुमार, प्रो. प्रधान सहायक योगेंद्र विश्वकर्मा, पंचम कुमार, सुनील पासवान, राजेश रजक, संध्या देवी, बालमुकुंद पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

# नौडीहा बाजार एवं छतरपुर प्रखंड ने संयुक्त रूप से ज्ञान विज्ञान समिति का 33वां स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार (पलामू) ।** साक्षरता कर्मी महासंघ के बैनर तले गुरुवार को छतरपूर प्रखंड एवं नौडीहा बाजार ने संयुक्त रूप से ज्ञान विज्ञान समिति का 33 वां स्थापना दिवस छतरपुर बाजार परिसर के समीप



धर्मशाला में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ज्ञान विज्ञान के जिला अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के ज्ञान विज्ञान के अध्यक्ष सुहैल हक, छतरपूर प्रखंड के अध्यक्ष रामचरित्र सिंह के साथ समिति के सचिव एवं दर्जनों सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# बाइक के धक्के से युवक घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को जपला छतरपुर मुख्य पथ के दिनेश सिंह चौक के समीप अज्ञात बाइक के धक्के से लंगरकोट गांव निवासी लालमोहन शर्मा के 15 वर्षीय पुत्र दिलेर शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि उक्त युवक साइकिल से जपला आ रहा था।इसी क्रम में उसको अज्ञात बाइक सवार ने युवक को धक्का मारकर भाग निकला।
























आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## बीएसएल में जीपीएस आधारित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का उद्घाटन



बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के स्टील गेट के समीप जीपीएस आधारित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का उद्घाटन गुरुवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) अनिल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-3) वेद प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (ट्रैफिक) एके झा, मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएं एवं ईएमडी) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सी एवं आईटी) ए बंकिरा, मुख्य महाप्रबंधक (सी एवं ए और कम्युनिकेशन) बीके सरतापे, महाप्रबंधक प्रभारी (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलिकॉम) एस गंगोपाध्याय आदि उपस्थित थे। जीपीएस आधारित व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम के माध्यम से संयंत्र में बाहर से आने वाली हेवी व्हीकल, संयंत्र के अंदर चलने वाले डोजर, डंपर और लोको के परिचालन पर निगरानी रखी जा सकेगी। हेवी व्हीकल, डोजर, डम्पर तथा लोको के लिए बने डैशबोर्ड में पूरे फ्लीट की स्थिति का समग्र दृश्य और फ्लीट का रियल टाइम डाटा के उपलब्ध होने से गति सीमा पर भी नजर रखी जायेगी। इसके अलावे संयंत्र के अंदर लोको मूवमेंट की निगरानी व उसके लाइव स्थिति की जानकारी भी ली जा सकेगी। इस सिस्टम के जरिये सीआइएसएफ के पास भी प्लांट के अंदर वाहनों के परिचालन की सटीक जानकारी उपलब्ध रहेगी। सीआइएसएफ द्वारा निर्धारित समय से अधिक समय तक प्लांट के अंदर रहने वाले वाहनों के लिए अलर्ट और रूट डायवर्जन पर निगरानी रखी जा सकेगी।

## वाह नेताजी : कांग्रेस नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव पर लगा पीडीएस चावल की कालाबाजारी का आरोप, छह के खिलाफ मामला दर्ज

# पकड़ाया 17 क्विंटल सरकारी चावल, कुछ घंटे में ही हुआ दो क्विंटल 60 किलो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/झरिया।** झरिया कोयलांचल व आसपास के क्षेत्रों में सरकारी अनाजों की तस्करों-चोरी बदस्तूर जारी है। पीडीएस के चालव की कालाबाजारी में नेजा भी अपनी रोटी सेंकने लगे हैं। ताजा मामला झरिया के घनुडीह ओपी क्षेत्र में देखने को मिला। जहां बुधवार की देर रात घनुडीह ओपी पुलिस ने ऑटो में तस्करी कर ले जा रहे पीडीएस चावल की बड़ी खेप पकड़ी। गुरुवार की सुबह होते-होते चावल दो क्विंटल 60 किलो हो गया। यही नहीं, मुख्य सरगना का नाम भी गिरफ्तार आरोपी ने बदल दिया। इसके पीछे मुख्य कारण क्षेत्र में एक पार्टी के दो प्रमुख पदों पर आसीन नेताओं की आपसी पुराने मतभेद का होना बताया जा रहा है। एक नेता ने अहले सुबह से ही अपना खेल रच मामला पलट दिया। फिलहाल पुलिस ने कालाबाजारी के चावल को जब्त कर एमओ राजीव रंजन की लिखित शिकायत पर गिरफ्तार पकड़े गए आरोपी सहित कांग्रेस के झरिया नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव पर मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।




आरोपित कांग्रेस नेता रत्नेश यादव व ओपी प्रभारी चंद्रशेखर सिंह।

### ये है पूरा मामला

घनुडीह ओपी पुलिस ने गश्ती के दौरान बुधवार की देर रात ऑटो संख्या जेएच 10बीएक्स/ 5947 को जब्त किया। जिस पर पीडीएस का चावल लदा था। चालक व ऑटो पर सवार उसके साथी को ओपी लाकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की। ओपी प्रभारी ने बताया कि गश्ती के दौरान घनुडीह ओपी क्षेत्र के नया पुल के समीप से आरोपितों को पकड़ा गया। गुरुवार की सुबह एमओ को इसकी जानकारी दी गई। एमओ की शिकायत पर पकड़े गए लोगों के साथ अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। उधर, इस बाबत घनुडीह ओपी पहुंचे एमओ राजीव रंजन ने पत्रकारों को बताया कि पिछले कई दिनों से झरिया व आसपास के क्षेत्रों में पीडीएस के चावल की कालाबाजारी की सूचना लगातार मिल रही थी।

इस दिन घानुडीह के ओपी प्रभारी की ओर से सूचना दी गयी की पीडीएस के चावल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसके बाद वह यहां पहुंचे। बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपितों के बयान पर रत्नेश यादव, छोटू मंडल, बंटी झा, लालू बर्णवाल और ऑटो मालिक बिजेंद्र प्रसाद पर मामला दर्ज किया गया है।

### पार्टी के अपने लोग ही षड्यंत्र कर फंसा रहे हैं: रत्नेश यादव




इस बाबत कांग्रेस नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव से फोन पर बात करने पर कहा कि उन्होंने ही वारदात की रात व्हाट्सएप के जरिए तस्करी की लिखित सूचना घनुडीह ओपी प्रभारी को दी थी। इसके अलावे सिंदरी डीएसपी से भी बात हुई थी। तस्करी की शिकायत करने का उन्हें इनाम मिला है। कहा कि वे सामाजिक कार्यकर्ता हैं। इस नाते ऐसे कृत्य करने वालों की शिकायत आगे भी करते रहेंगे। उन्हें नामजद आरोपी बनाए जाने पर कहा कि उनकी ही पार्टी के कुछ नेता की मिलीभगत से उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों सहित अनुशासन समिति से भी करेंगे।

### जब्त चावलों के वजन को लेकर चर्चा



स्थानीय लोगों की मानें तो कागजी कार्रवाई से पहले ऑटो में 17 पैकेट लदे चावल की बात कही जा रही है। जबकि सुबह अधिकारियों द्वारा महज दो क्विंटल 60 किलो ही वजन बताया जा रहा है। जबकि पकड़े गए युवकों द्वारा जब्त चावल क्षेत्र के कुख्यात तस्कर मुन्ना का बताया जा रहा जिस पर पीडीएस चावल के कई मामले पूर्व से दर्ज हैं। इसी बीच घनुडीह ओपी में राष्ट्रीय पार्टी के जिला स्तरीय एक स्थानीय नेता का आगमन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कहा जा रहा है कि उसके आने के बाद पूरा मामला ही उलट गया है और रत्नेश यादव का चालव होने की बात कही जा रही है।

## झरिया की बंगालीकोठी बस्ती से ट्रांस्फॉर्मर के कीमती पार्ट्स चोरी

# अंधेरे में डूबी पांच हजार की आबादी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भगतडीह।** झरिया थाना अंतर्गत बंगालीकोठी बस्ती स्थित ट्रांसफार्मर से बुधवार की देर रात चोरों ने तांबा-पितल के क्वायल चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। तार चोरी होने से बंगालीकोठी और भेड़ाकाटा बस्ती में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे करीब पांच हजार की आबादी अंधेरे में डूब गई है। इस संबंध में राजापुर परियोजना पदाधिकारी वीके पांडे ने झरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक राजापुर परियोजना की ओर से बंगालीकोठी और भेड़ाकांटा बस्ती मे बिजली आपूर्ति करने के लिए बस्ती में ही 550 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया था। बुधवार की देर रात चोरों ने शॉर्ट सर्किट कर बिजली आपूर्ति ठप कर दी और ट्रांसफार्मर के किमती पार्टस सहित दो लाख के क्वायल चोरी कर चंपत हो गए। स्थानीय लोगों की मानें तो देर रात करीब दो बजे बिजली कटी थी। पर चोरी की भनक नहीं लगी। गुरुवा की सुबह ट्रांसफार्मर से सारे पार्टस और क्वायल चोरी होने का खुलासा हुआ। इसकी सूचना राजापुर प्रबंधन को दी। स्थानीय लोगों ने जल्द ही दूसरे ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर बिजली बहाल करने की मांग की है। बतातें चलें कि 17 दिसंबर को ही इंडस्ट्री में ऐना आउटसोर्सिंग के ट्रांसफार्मर से दो लाख रुपये के पाट्र्स चोरी हो गए थे। लोगों ने कहा कि ट्रांसफार्मर से केबल उपकरण और क्वायल चोरी करने का एक गिरोह है, जो विभिन्न इलाके के ट्रांसफार्मर से चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है।



पाट्र्स चोरी होने के बाद क्षतिग्रस्त ट्रांस्फॉर्मर।

### पुलिस से की गयी है शिकायत: पीओ

मामले को लेकर राजापुर कोलियरी पीओ वी के पांडेय ने कहा की ट्रांसफॉर्मर से क्वायल और पार्टस चोरी गई मामले मे झरिया थाना मे शिकायत की गई है।चोरी गई सामान का आंकलन किया जा रहा है।

## ढुल्लू महतो ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख की पोषक सखियों के सेवा विस्तार की मांग

**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राज्य के छह जिलों में 2016 से कार्यरत पोषण सखियों के सेवा विस्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य के छह जिलों में बढ़ते कुपोषण के चलते 52 परियोजनाओं के माध्यम से 10,388 पोषण सखियों की नियुक्ति की गई थी। उनके सेवारत रहते हुए कुपोषण के क्षेत्र में लगातार गिरावट आई हैं। 2016 से पहले राज्य में कुपोषण एक बहुत बड़ी समस्या रही है, जिसके रोकथाम में पोषण सखियों के योगदान को कमतर नहीं आंका जा सकता। खुद मुख्यमंत्री कई बार वार्ता कर पोषक सखियों के नियमितीकरण का आश्वासन दे चुके हैं। पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag.**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**

**Notice No. - 03 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2022-23**

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials annexed as Annexure-1 for framing estimate of Supply, Installation and commissioning of Pump set Works from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials and its Specifications for Supply, Installation and commissioning of Pump set Works under D.W & S mechanical Division Hazaribag are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 23.12.2022 at 10:30 hrs. to 29.12.2022 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 30.12.2022 at 16: 00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of items /materials at par with lowest market rate, so that it can be incorporated in framing of estimates for the required works under D.W&S Mechanical Division Hazaribag.

**Address for Communication:-**
Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Division Hazaribag
e- Mail ID:- dwsdhazmech2010@gmail.com

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**DW&S, Mechanical Division Hazaribag**

PR 285700 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## महत्वपूर्ण न्यूज

### तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए वर्ल्ड ग्रीन लाइन ने गठित की कमेटी



बोकारो (आजाद सिपाही)। चास नगर निगम अंतर्गत विभिन्न तालाबों की वर्तमान दयनीय स्थिति एवं मृत तालाबों के उत्थान को लेकर पर्यावरणिक संस्था वर्ल्ड ग्रीन लाइन के तत्वावधान में गुरुवार को चास मध्य विद्यालय के समीप बैठक की गई। जिसमें तालाबों के जीणोर्धार, अतिक्रमण मुक्त और मृत तालाबों को जीवित करने के लिए चास तालाब पुनरुद्धार समिति का गठन किया गया है। समिति में संयोजक मेथर मोदक, सचिव गोऊर बाउरी, सलाहकार राम दास एवं तारक घोषाल चुने गए। मेथर मोदक ने कहा कि पहले चास तालाब शहर के नाम से जाना जाता था पर वर्तमान में चास के तालाब मृत होते जा रहे है जिससे भविष्य में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकता हैं। साथ ही समिति के माध्यम से तालाबों को बचाने से समधित गतिविधियां करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पर्यावरण एक्टिविस्ट प्रीति रंजन, सामाजिक कार्यकर्त्ता अमृत बाउरी, राजेश बाउरी, राम दास, बंकेश बाउरी, गोऊर बाउरी आदि उपस्थित थे।

### बेरमो में अलग-अलग स्कूलों में मनायी गयी महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती




करगली/फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नगर परिषद के जीएम कॉलोनी ढोरी स्थित कस्तूरबा श्रीविद्या निकेतन में गुरुवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। इस दौरान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अनपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर फुसरो के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने रामानुजन की जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि रामानुजन ने संख्या सिद्धांत पर आधारित कार्य किया इसलिए उन्हें संख्याओं का जादूगर माना जाता है। कस्तूरबा विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे ने कहा कि अपने महान गणितीय अवदान के लिए रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ भी कहा जाता है। प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा ने कहा कि रामानुजन का बचपन निर्धनता और कठिनाइयों में बीता। श्रीनिवास रामानुजन के गणित पर लिखे गए आर्टिकल तत्कालीन समय की सर्वोत्तम विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित होते थे। आचार्या पुष्पा सिन्हा ने कहा कि रामानुजन के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा गणित पर आधारित मॉडल एवं चार्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें विभिन्न आकर्षक चार्ट बनाए गए। संपूर्ण गणितीय कार्यक्रम की गतिविधि संजू ठाकुर एवं राजेंद्र पांडे द्वारा संपन्न किया गया। दूसरी ओर, फुसरो स्थित अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ रामानुजन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ प्रारंभ हुआ। प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा विद्यालय के वरीय आचार्य सुनील चंद्र झा, विद्यालय के गणित के आचार्य उपेंद्र सिंह, साधनचंद्र धर, नवल किशोर सिंह आदि सभी ने गणित के विलक्षण प्रश्नों के द्वारा भैया बहनों को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास किया।

# सीएम हेमंत सोरेन बोकारो में क्यों नहीं खुलवा रहे मेडिकल कॉलेज : संजय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** झामुमो नेता मंटू यादव के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के जिला महामंत्री संजय त्यागी ने कहा कि उनका बयान गैर जिम्मेदाराना व सच्चाई से परे है। उनका बयान राजनीतिक से प्रेरित है। इस प्रदेश में इन्हीं की पार्टी की सरकार है और इन्हीं के मुख्यमंत्री ने बोकारो में मेडिकल कॉलेज बनाने से मना कर दिया है। जबकि बोकारो विधायक बिरंची नारायण के प्रयास से बोकारो इस्पात संयंत्र से मेडिकल कॉलेज के लिए सेक्टर 12 में निःशुल्क 25 एकड़ भूखंड दिलाया गया है। अगर वो बोकारो और यहां से लोगों के सच्चे हितैषी हैं तो मुख्यमंत्री से यहां मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं खुलवाने को कहते हैं । आज झामुम की सरकार में बोकारो के सदर अस्पताल की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। यहां से अनेकों डॉक्टरों का स्थानांतरण दूसरी जगह कर दिया गया, लेकिन उनके स्थान पर दूसरे चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं की गई। भाजपा सरकार में बोकारो में बर्न यूनिट बन कर तैयार हो गया था पर वर्तमान सरकार की नाकामी के चलते आज भी उद्घाटन की बांट जोह रहा है। सदर अस्पताल में रैबिज की सुईं भी कभी-कभी ही मिल पा रही है। जहां तक बोकारो जनरल अस्पताल की बात है तो ये सभी जानते हैं कि स्थिति ठीक नहीं है। सभी चाहते हैं कि इसकी स्थिति सुधरे। आज बोकारो से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में मरीज बेहतर इलाज के लिए रांची, वेलौर, मुंबई, दुगार्पुर, कोलकाता और दिल्ली आदि शहरों में जाते हैं। मंटु यादव को बताना चाहिए कि क्या बोकारो के लोगों को बेहतर ईलाज की सुविधा नहीं मिलनी चाहिए।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 35/2022–23**

1.कार्य का विवरण :–

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | INSTALLATION OF LED ROPE LIGHT IN DIFFERENT POLE AROUND JHEEL AREA UNDER MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAG. | 9,92,700/- | 20,000/- | 5,000/- | 02 month (60 days) |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 30.12.2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 02.01.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 02.01.2023 को 3:00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक
4. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग।

**नोट** :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

**PR 285688 Urban Development and Housing(22-23).D**

## मामले की शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी : पीओ

# शिमलाबहाल कोलियरी में भ्रष्टाचार चरम पर,कार्यालय से कर्मी के दस्तावेज गायब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भगतडीह।** भ्रष्टाचार के कारण वर्षो पूर्व बीसीसीएल प्रबंधन ने कुस्तौर क्षेत्र को कुसुंडा, बस्ताकोला और पीबी एरिया में विलय कर दिया था। बावजूद इसके शिमलाबहाल कोलियरी क्षेत्र में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। चार दिन पूर्व ही यहां के एक कर्मी चिनी बाउरी के पीएफ खाते से दो लाख रुपये की फर्जी निकासी का मामला प्रकाश में आया था। इसके बाद गुरुवार को शिमलाबहाल न्यू पिट में कार्यरत सुरेश धिक्कार के सेवा अभिलेख और नोमानी फाइल ही कार्यालय से गायब है। इस संबंध में सुरेश ने इसकी लिखित शिकायत राजापुर पीओ वीके पांडे से की है। इस कोलियरी से लगातार ऐसे मामले उजागर होने से स्पष्ट हो रहा है कि यहां भ्रष्टाचार चरम पर है। सुरेश का कहना है कि उसकी बेटी की शादी तय हो गई है। इसलिए लोन लेने के उद्देश्य से अपना सेवा अभिलेख और नोमिनी फार्म को आनलाइन कराने के लिए छायाप्रति लेने शिमलाबहाल कोलियरी कार्यालय गए। जब क्लर्क तारीक से यह दस्तावेज मांगा तो बताया कि उसका उक्त दस्तावेज गायब हैं। इसकी सूचना सुरेश ने जमसं के शाखा सचिव अमर सिंह को दी। इसके बाद अमर सिंह वहां पहुंच प्रबंधन से जल्द इन दस्तावेजों को उपलब्ध कराने की मांग की है। उधर, सुरेश का कहना है इन दस्तावेजों के बीना बेटी की शादी के लोन लेना मुश्किल हो जाएगा। दूसरी ओर, मामले को लेकर राजापुर के पीओ वी के पांडेय से पूछने पर कहा कि कार्यालय से दस्तावेज कैसे गायब हो गया। इसकी छानबीन की जाएगी। साथ ही गायब दस्तावेजों को उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।



### वर्ष 2013 में भी हो चुकी है ऐसी घटना

2013 में भी इस कार्यालय से मजदूरों के आवश्यक कागजात फाड़कर कार्यालय से बाहर फेंक दिया गया था। तब मजदूरों ने जमकर हंगामा किया था।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **191/2022-23/RWD/KODERMA** दिनांक :- **21.12.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ KODERMA/ 05/2022-23 | धुंआडीह आर0सी0डी0 रोड से कुंडीधनवार भाया मसमोहना कुम्हरैन स्थान एवं असनाबाद तक पथ का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य (लं– 7.600 कि0मी0) | 4,76,55,500.00 | चार करोड़ छिहत्तर लाख पचपन हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ KODERMA/ 06/2022-23 | पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से खरपोका बराकर नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 2,06,96,400.00 | दो करोड़ छः लाख छियानवे हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 3. | RWD/ KODERMA/ 07/2022-23 | पंचायत चन्दवारा पश्चिमी में गोरी नदी पुल से पुरनाथाम आर0ई0ओ0 रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 2,02,53,500.00 | दो करोड़ दो लाख तिरपन हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **02.01.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **16.01.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **कोडरमा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **17.01.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **18.01.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **कोडरमा** के पक्ष में एवं **कोडरमा** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**नोडल पदाधिकारी**
**ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल**

**PR 285666 Rural Work Department(22-23)#D**

# 5122 लड़कियों और महिलाओं को शिक्षा और कौशल विकास में दी जायेगी मदद: शालू जिंदल

## 5630 लड़कियों और महिलाओं को आर्थिक मदद दी जा रही

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली/ भुरकुंडा।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सामाजिक सेवा शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने महत्वाकांक्षी 'यशस्वी' योजना का दायरा बढ़ाते हुए शिक्षा एवं कौशल विकास में सहयोग करने के लिए झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा की आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि की 5122 लड़कियों और महिलाओं का चयन किया है। इस योजना के तहत मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, समाज विज्ञान और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के सपने देख रहीं कुल 5630 लड़कियों और महिलाओं को आर्थिक मदद दी जा रही है। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने इस योजना का शुभारंभ करते हुए कल देर शाम 5122 लड़कियों और महिलाओं को छात्रवृत्ति का पत्र प्रदान किया। श्रीमती जिंदल ने इस अवसर पर कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की अनेक महिलाओं और लड़कियों के लिए गुणवत्ता युक्त शिक्षा और कौशल विकास अभी भी एक बड़ी चुनौती है। यशस्वी योजना उच्च शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें खुशी है कि इस योजना के प्रथम चरण की लाभार्थी अनेक बेटियों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार मिल गया है। हमें उम्मीद है कि दूसरे चरण में आज जिन्हें छात्रवृत्ति दी गई है, उससे और अधिक महिलाओं और लड़कियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम में जेएसपी फाउंडेशन की सलाहकार समिति की सदस्य यशस्विनी जिंदल भी उपस्थित थीं, जिन्होंने यशस्वी योजना को कार्यरूप देने में अहम भूमिका निभायी। इस अवसर पर उन्होंने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाली महिलाओं और लड़कियों को प्रोत्साहित भी किया। यशस्वी योजना जेएसपी फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड की आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की प्रतिभाशाली महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा और कौशल विकास के लिए वित्तीय मदद प्रदान की जाती है। चयनित छात्राओं को उनकी पसंद के संस्थान/कॉलेजों में व्यावसायिक/सामान्य शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए पाठ्यक्रम शुल्क और अन्य संबद्ध शुल्क के मद में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अगस्त 2022 में शुरू हुए पहले चरण में 508 लड़कियों को सहयोग मिला। जेएसपी फाउंडेशन ने वित्त वर्ष 2022-23 में इस मद में 12 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। यशस्वी योजना के दूसरे चरण के लिए 10 हजार से अधिक आवेदन आये, जिनमें से 10 राज्यों की 326 संस्थाओं में दाखिला लेने वाली 5122 छात्राओं का चयन किया गया। इनमें 2823 मेडिकल, डेंटल, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस, नर्सिंग, सामाजिक विज्ञान, कानून, सामाजिक कार्य, औषधि आदि की पढ़ाई कर रही हैं जबकि 2299 सौंदर्य चिकित्सा, सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर हार्डवेयर, आइटी, रिटेल मैनेजमेंट, सेवा-सत्कार, डाटा एंट्री जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम जुड़ी हुई हैं।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

जेएसपी फाउंडेशन इन सभी छात्राओं के लिए निर्धारित आर्थिक मदद की राशि सीधे संबंधित संस्थानों को भेजेगा। समूह के सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जेएसपी के सीईओ (स्टील) डीके सरावगी, रायगढ़ प्लांट के कार्यकारी निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय, तमनार के कार्यकारी निदेशक छविनाथ सिंह समेत अनेक गणयमान्य लोग उपस्थित थे। जेएसपी-अंगुल के कार्यकारी निदेशक हृदयेश्वर झा ने धन्यवाद ज्ञापत किया। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज-सुंदरगढ़ (ओड़िशा) से एमबीबीएस कर रहीं प्रियंका बिसोयी समेत अनेक छात्राओं ने जेएसपी फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि वे अब अपने सपने साकार करेंगी।

# संबलपुर मंडल में सड़क को सुरक्षित बनाने का काम शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल यात्रियों के साथ-साथ सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए सभी समपारों को खत्म करने और चरणबद्ध तरीके से सीमित ऊंचाई वाले सबवे प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। संबलपुर मंडल ने संबलपुर-केरेजंग खंड में मानवयुक्त समपार को बदलने के लिए 03 लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस), जुजुमोरा-चारमाल स्टेशनों के बीच एसटी-26, बामूर-सरगीपाली स्टेशनों के बीच एसटी-53 और सरगीपाली-हंडापा स्टेशनों के बीच एसटी-61 को सफलतापूर्वक लांच किया है। यात्रियों और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए, टिटिलागढ़-थेरुबली खंड में अंबोदाला यार्ड में मानवयुक्त यातायात समपार आरवी-214, डोइकालु यार्ड में आरवी-219 और टिटिलागढ़- रायपुर खंड में महासमुंद में आरवी-34 को लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर सीमित ऊंचाई सबवे प्रदान कर-के बंद कर दिया गया है।

# एम्स भुवनेश्वर में कलाई का सफल प्रत्यारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुरी जिला के कृष्णाप्रसाद ब्लॉक की एक 25 वर्षीय युवती वर्षा दास ने एम्स भुवनेश्वर के डॉक्टरों द्वारा एक और जीवन देखा है। राष्ट्रीय संस्थान के डॉक्टरों की टीम ने पूरी तरह से अलग हो चुकी बायीं अग्रभुजा का सफलतापूर्वक प्रतिरोपण किया है। इस प्रक्रिया में करीब 10 घंटे लग गये। बरशा दास 9 दिसंबर, 2022 को रात करीब 9 बजे एम्स भुवनेश्वर के आपातकालीन विभाग में कोहनी के नीचे बाईं बांह के दर्दनाक विच्छेदन के साथ आयी थीं। रोगी द्वारा दिये गये इतिहास के अनुसार, वह अपने घर पर काम कर रही थी और शाम करीब 4 बजे उसका दुपट्टा चावल काटने की मशीन में उसके बायें हाथ के साथ फंस गया, जिसके बाद उसे कटे हुए हाथ के साथ स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। दिया गया, रक्तस्राव सुरक्षित किया गया और ड्रेसिंग की गई। कटे हुए हिस्से को एक गंजी पैड में लपेटा गया था और स्थानीय अस्पताल में उसे देखने वाले व्यक्ति द्वारा बर्फ के स्नान में रखा गया था। रोगी को तुरंत पुनर्प्रत्यारोपण के लिए योजना बनायी गई थी और उसी रात लगभग 11:30 बजे डॉ. संजय कुमार गिरी (बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी के प्रमुख) की टीम द्वारा सर्जरी के लिए ले जाया गया था। टीम में प्लास्टिक सर्जरी विभाग से डॉ. शांतनु सूबा, डॉ. प्रियंका पंत, डॉ. आकांक्षा राजपूत, डॉ. विष्णु, ऑर्थोपेडिक्स से डॉ. निखिल और डॉ. मंजोय, एनेस्थीसिया से डॉ. जयंत मित्रा, डॉ. ऋषिकेश और डॉ. शैलजा शामिल थे। विभाग की सहायता नर्सिंग अधिकारी बाबूलाल एवं जसवंत सिंह ने की। सबसे पहले डॉक्टर्स की टीम ने फ्रिज से कटे हुए हिस्से को बाहर निकाला और बेंच डिसेक्शन शुरू किया, 3 सेमी की हड्डी की पहचान और टैग की गई सभी महत्वपूर्ण संरचनाओं को छोटा कर दिया गया। इसके बाद मरीज को ऑपरेशन रूम में ले जाकर एनेस्थीसिया दिया गया। कटे हुए स्टंप खुल गये और डेब्रिडमेंट किया गया और सभी महत्वपूर्ण संरचनाओं को अलग कर दिया गया। उसके बाद, पहले दो बोनी फिक्सेशन द्वारा कटे हुए हिस्से को शरीर से जोड़ा गया, फिर नस के साथ धमनी परिसंचरण स्थापित किया गया, इसके बाद दो प्रमुख नसों की मरम्मत की गई, जिन्हें मांसपेशियों और त्वचा के साथ जोड़ा गया, डॉ. संजय गिरी ने कहा, सर्जरी सुबह 8 बजे तक चली और फिर मरीज को आइसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। दसवें पश्चात के दिन के बाद हम रोगी को फिर से ऑपरेटिंग रूम में ले गये, क्योंकि कोहनी के आसपास की त्वचा अच्छी नहीं थी। एनेस्थीसिया के तहत, हमने सभी मृत त्वचा को हटा दिया था और इसे स्किन ग्राफ्ट से ढक दिया था। आज इस घटना को करीब दो हफ्ते हो चुके हैं।

### कार्यकारी निदेशक ने टीम को बधाई दी

वर्तमान में अंग कार्य कर रहा है, डॉ. गिरि ने कहा। आज वार्ड में युवती से मिलने कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने एम्स के डॉक्टरों के इस वीरतापूर्ण कार्य की सराहना की. डॉ. बिस्वास ने भी बर्शा की बहादुरी की प्रशंसा की और उसे एक समृद्ध भविष्य का आश्वासन दिया। अन्य लोगों में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस एन मोहंती, डीडीए (स्वतंत्र प्रभार) रश्मि रंजन सेठी ने भी डॉक्टरों की प्रशंसा की।

मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव

# शारदा ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

"हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिसमें चरित्र बने, मानसिक तथा बौद्धिक विकास हो" शारदा ग्लोबल स्कूल ऐसी शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'अब्लेज' कार्यक्रम के अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चों के हीरो एक्ट के द्वारा वीर रस को सीजन के द्वारा विभिन्न ऋतुओं के विभिन्न रसों को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति को देखकर दर्शकों के मन में कभी हास्य रस तो, कभी वीर रस की अनुभूति हो रही थी। मुख्य अतिथि (आई. पी. एस.) श्री आर. के. मल्लिक ने बच्चों के द्वारा की गयी प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों के द्वारा किये गये कार्यक्रम को देखकर अपने स्कूल के दिनों की याद आ गयी।



मुख्य अतिथि श्री कृपा नंद झा ने कहा कि शहर के कोलाहल से दूर स्थित इस विद्यालय की खासियत है जिसमें बच्चों को एकाग्रचित्त होने का विशेष अवसर प्राप्त होता है उन्होंने नैतिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया क्योंकि आज की युवा पीढ़ी में इस नैतिक मूल्यों की विशेष आवश्यकता है।



मुख्य अतिथि श्री आर. के. मल्लिक ने कहा कि विद्या सारे बंधनों से मुक्त करती है। बच्चों में करुण रस का होना अत्यन्त अनिवार्य है जिससे उत्कृष्ट समाज का निर्माण संभव है।



श्री वाई. एस. रमेश ने कहा कि बच्चे के प्रथम गुरु माता - पिता होते हैं बच्चे उन्हीं को अपना आदर्श मानते हैं।



डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. रंजना स्वरूप ने कहा कि अभिभावक को भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि आपसी सहयोग के द्वारा ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।



- श्री दीपक बंका : अभिभावक के सही मार्गदर्शन के द्वारा ही बच्चों को विकास के पथ पर लाया जा सकता है।

- श्री संजय शारदा: शिक्षा ही देश तथा समाज की प्रगति की मौलिक इकाई है।
- श्री अनुज रंजन : सुसंस्कृत उत्कृष्ट शिक्षा सहनशीलता का ही परिणाम है।
- डॉ. श्रीमती रंजना स्वरुप : भारतीय संस्कृति के संस्कारों को अपना कर बड़ों का सम्मान करके ही शिक्षा का सही मूल मंत्र प्राप्त होता है।
- प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर : बच्चों की प्रतिभा तथा क्षमता को निखारने के लिए अनुशासन का होना आवश्यक है।



प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर ने अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद बच्चों में अनुशासनहीनता सबसे अधिक देखने को मिल रही है। शिक्षक तथा विद्यालय के लिए यह चुनौती भरा समय है जिसमें धैर्य से काम लेते हुए बच्चों को आगे बढ़ाना है।





















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**